नई दिल्ली, शुक्रवार 10 मई 2024 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष-2/3 ■ वर्ष : 28, अंक : 29 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 39 00, न्यून. 26 haribhoomi.com






# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी










### हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलटों ने हड़ताल वापस ले ली, अब तक 170 उड़ानों को करना पड़ा था रद्द

### एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के 'बीमार' होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद्द किया

### एयरलाइन प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच लगभग पांच घंटे तक चली बैठक

### स्वास्थ्य प्रमाणपत्र के साथ सभी काम पर लौटेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने का निर्णय किया है। एयरलाइन प्रबंधन के चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने के आश्वासन के बाद यह कदम उठाया गया है। वहीं एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया है। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के 'बीमार' होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद्द किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच सुलह बैठक के दौरान हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

### लोगों में आक्रोश देखने को मिला



केरल के अलग-अलग एयरपोर्ट से दूसरे देशों की यात्रा करने के इच्छुक लोग एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट्स के गुरुवार को लगातार दूसरे दिन कैंसिल होने के कारण बेहद आक्रोश में देखा गया। तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और कन्नूर हवाई अड्डों पर यात्रियों को उस समय निराशा हुई जब खाड़ी देशों के लिए उड़ानें लगातार दूसरे दिन एकदम अंत समय में कैंसिल कर दी गईं। अचानक फ्लाइट कैंसिल होने से लोगों में काफी गुस्सा है और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या है मामला?

इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस ने लगातार तीसरे दिन चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण गुरुवार को अपनी दैनिक क्षमता की कुल 23 प्रतिशत यानी 85 उड़ानें रद्द कर दीं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी ने चालक दल के कम से कम उन 25 सदस्यों को बर्खास्त करने संबंधी पत्र भी जारी किए हैं, जिन्होंने एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से बीमार होने की सूचना देनी शुरू की। एयरलाइन ने अब तक 170 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिनमें खाड़ी देशों की उड़ानें भी शामिल हैं। परेशानी कम करने के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 13 मई तक उड़ानों में कटौती करने का भी निर्णय लिया है। वह एयरलाइन के 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी।

### 28 मई को फिर बैठक होगी

*यह बैठक एयर इंडिया एक्सप्रेस एम्प्लॉइज यूनियन (एआईऐईयू) और एयरलाइन प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच लगभग पांच घंटे तक चली। यह यूनियन आरएसएस से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़ी हुई है। बैठक के बाद बीएमएस के अखिल भारतीय सचिव गिरीश चंद्र आर्य ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के 25 चालक दल के सदस्यों की बर्खास्तगी वापस ले ली गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष मुद्दों पर चर्चा करेंगे और 28 मई को फिर बैठक होगी। दोनों पक्षों के हस्ताक्षर किये गए दस्तावेज के अनुसार विस्तृत चर्चा और सुलह अधिकारी तथा मुख्य श्रम आयुक्त की अपील के बाद, यूनियन प्रतिनिधि इस बात पर सहमत हुए कि चालक दल के जो भी सदस्य बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर गए हैं, वे स्वास्थ्य प्रमाणपत्र के साथ काम पर लौटेंगे।*

### खबर संक्षेप

#### शिवकाशी पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 की मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के शिवकाशी में बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इस पटाखा फैक्ट्री में 50 से ज्यादा कमरों में 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे थे। घर्षण के कारण भयानक विस्फोट हो गया। एक कमरे में हुआ विस्फोट बगल के कमरों तक फैल गया। इसमें इमारतें ढह गईं और सात कमरे जमींदोज हो गए।




#### डेनमार्क के राजनयिक ने दिखाई दिल्ली की गंदगी

**नई दिल्ली।** भारत में डेनमार्क के राजनयिक फ्रेडी स्वेन ने एक्स पर वीडियो साझा किया। इस वीडियो में दूतावास की इमारत के बाहर कूड़े का ढेर दिख रहा है। इस वीडियो में स्वेन बताते हैं कि वो भारत की राजधानी दिल्ली में मौजूद हैं और यहां की एक सड़क कूड़े से भरी हुई है। ये रोड दिल्ली में डेनमार्क और ग्रीस के दूतावासों के बीच स्थित है। डेनिश के दाईं तरफ डेनमार्क दूतावास की दीवार है। हालांकि बाद में यहां से गंदगी हटवा दी गई।



#### चिकन शवारमा खाने से 19 साल के युवक की मौत

**मुंबई।** मुंबई के प्रथमेश भोकसे नामक युवक ने 3 मई को ट्रॉम्बे इलाके में आरोपी के स्टॉल से खाने के लिए चिकन शवारमा खरीदा था। 4 मई को प्रथमेश भोकसे को पेट में तेज दर्द और उल्टी हुई और वह इलाज के लिए पास के एक नगर निगम अस्पताल गया। इलाज के बाद घर लौटने पर फिर से उनकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद 5 मई को सरकारी केईएम अस्पताल ले गए।



### *मां गंगा की डोली गुरुवार को अपने शीतकाल प्रवास पर मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए रवाना*



## आज अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे 'चार धाम' यात्रा हो जाएगी शुरू

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मां गंगा की डोली गुरुवार को अपने शीतकाल प्रवास पर मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई। 10 मई को अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे।

गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित पंडित राजेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की डोली अपने मायके मुखबा से दोपहर 12:15 बजे रवाना हुई। जैसे ही मां गंगा अपने मंदिर से बाहर आई हर तरफ जय मां गंगे और भगवती गंगे के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा। आर्मी बैंड की धुन के बीच डोली को पुरोहितों ने बाहर निकाला इसके बाद डोली सैकड़ों भक्तों के साथ अपने गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई।

गंगोत्री धाम में ही अब मां गंगा अगले 6 माह दर्शन देंगी। मुखबा गांव मां गंगा का शीतकालीन प्रवास और मायका कहलाता है। यहां के निवासी मां गंगा के तीर्थ पुरोहित सेमवाल बंधु मां गंगा को बेटी की तरह विदा करते हैं। ये क्षण काफी भावुक भी रहता है। कई भक्तों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके

### मुखबा गांव मां गंगा का शीतकालीन प्रवास और मायका कहलाता है

#### केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के भी आज ही खुलेंगे कपाट

आज सबसे पहले सुबह साढ़े 6 बजे केदारनाथ के कपाट खुलेंगे। इसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह साढे 10 बजे खुलेंगे। बद्रीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे। 10 मई से चार धाम यात्रा का श्री गणेश होने जा रहा है। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। सबसे अधिक केदारनाथ के लिए 7,60,254 पंजीकरण, यमुनोत्री धाम के लिए तीन लाख 44 हजार 150, गंगोत्री धाम के लिए तीन लाख 91 हजार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ईडी पहुंची सुप्रीम कोर्ट, किया विरोध

## आज आएगा केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला

### ईडी ने कहा-जमानत से गलत परंपरा हो जाएगी शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने बीते गुरुवार को कहा था कि वह शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाएंगे। केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक हलफनामा दायर किया। ईडी ने अपने हलफनामा में लिखा कि चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है। चुनाव प्रचार करना संवैधानिक अधिकार भी नहीं है और यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। अगर केजरीवाल को जमानत दी गई तो इससे गलत परंपरा शुरू होगी। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद हैं। ईडी ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वहीं, हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को वैध ठहराया था।





### पीएम का राजन्ना ने किया स्वागत

नई दिल्ली। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार 2024 के दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान पद्मश्री प्राप्त करने से पहले केएस राजन्ना द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया गया। सामाजिक कार्य के लिए पद्मश्री पुरस्कार विजेता 64 वर्षीय केएस राजन्ना जब 11 महीने के थे, तब पोलियो से प्रभावित होने के कारण उन्होंने अपने हाथ और पैर खो दिए थे। राजन्ना ने विकलांगों के लिए राज्य आयुक्त बनने सहित कई उपलब्धियां हासिल कीं।

### भारत के पक्ष में रूस ने दिया बड़ा बयान, अमेरिकी नीतियों की उड़ाई धज्जियां

## रूस ने कहा- भारत में हो रहे आम चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश में अमेरिका

### रूस ने कहा कि अमेरिका भारत को न तो समझता है और न ही उसका सम्मान करता है।

*रूस ने कहा है कि अमेरिका ने उसके देश में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता होने का कोई ठोस सबूत अभी तक मुहैया नहीं कराया है।*

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने अमेरिका पर भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। रूस ने कहा है कि अमेरिका ने उसके देश में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता होने का कोई ठोस सबूत अभी तक मुहैया नहीं कराया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का पिछले ▶▶ शेष पेज 5 पर



### वो न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं

जखारोवा ने कहा कि हम देखते हैं कि वो न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इस हस्तक्षेप को औपनिवेशिक काल की मानसिकता बताते हुए अमेरिका पर लोकसभा चुनावों ▶▶ शेष पेज 5 पर




# करोल बाग: सप्ताह भर में की दो लूट, मुख्य साजिशकर्ता समेत पांच गिरफ्तार

## बदमाशों के पास से 1.30 लाख कैश, पिस्टल और सात कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली का करोल बाग इलाका लुटेरों के निशाने पर है। एक सप्ताह में लूट की दो वारदात करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश पुलिस द्वारा किया गया है। गिरोह के पांच लोगों को अरेस्ट किया गया है, इनमें मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल है।

दोनों वारदातों में साढ़े नौ लाख से ज्यादा की रकम लूटी गई थी। बदमाशों के पास से 1.30 लाख रुपए कैश, पिस्टल और सात कारतूस बरामद हुये हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार 26 अप्रैल की शाम दुर्गा पार्क, रैगरपुरा, करोलबाग में दो बदमाशों ने



पीड़ित से पिस्टल जैसा हथियार दिखा बैग में रखे पौने दो लाख रुपए और पर्स लूट लिया था। पीड़ित मोबाइल सप्लाई और कैश कलेक्शन का बिजनेस करता है। ऐसी ही एक वारदात 17 अप्रैल को हुई थी, जब एक अन्य पीड़ित से पदम सिंह रोड, करोलबाग में 6 लाख 85 हजार 400 रुपए लूट लिए गए थे। दोनों ही घटनाओं को अंजाम देने का तरीका एक जैसा था। लिहाजा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक किए जाने के साथ मुखबिर तंत्र के जरिए बदमाशों का सुराग तलाशा। जांच में पता चला कि लुटेरों ने पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन से बाहर निकल एक बस पकड़ी थी। इसके बाद टैक्सी कर वे कैथल, हरियाणा पहुंचे। वहां एक परिचित ने पहले से होटल में कमरे की बुकिंग की हुई थी। पुलिस ने होटल की बुकिंग करने वाले का पता लगाया। उससे पूछताछ की गई जिसके बाद पांच आरोपी पकड़े गये। इनमें एक आरोपी रुपए पैसों की डिलीवरी से जुड़ी जानकारियां लीक करता था। पकड़े गये बदमाशों के नाम जींद हरियाणा निवासी अभिषेक, नवीन, सुखविंदर, विजय और श्रीपाल है। इनमें आरोपी सुखविंदर के पास से एक पिस्टल, सात कारतूस और 1.30 लाख रुपए कैश बरामद हुआ। श्रीपाल ने खुलासा किया कि वह दो साल पहले दिल्ली में कलेक्शन एजेंट का काम करता था। उसी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लूटपाट की साजिश रची थी। आरोपी अभिषेक और सुखविंदर पंजाब में दंगे के एक केस में भी शामिल रहे हैं।

## कारपेंटरी छोड़ 61 साल का बुजुर्ग बन गया वाहन चोर, स्कूटी चुराते रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की हरि नगर पुलिस ने 61 साल के एक बुजुर्ग को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर चोरी की पांच स्कूटी भी बरामद हुई



हैं। आरोपी कुलजीत सिंह के निशाने पर मुख्य तौर पर स्कूटी रहती थी। वह चंद्र विहार, नांगलोई इलाके का रहने वाला है। कुछ साल पहले तक कारपेंटर था। काम से होने वाली आमदनी से संतुष्ट नहीं होने के कारण वह वाहन चोरी के धंधे में शामिल हो गया। पुलिस के अनुसार पांच मामलों में शामिल रहा आरोपी इसी साल 24 अप्रैल को जेल से बाहर आया था। गुरुद्वारा फतेह नगर, हरिनगर के पास स्कूटी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी थी, जिसके बाद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण करने पर बुजुर्ग का पता चला। वह देर रात गुरुद्वारा आया और स्कूटी चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने फुटेज में नजर आए बुजुर्ग का पता लगाया और गुरुद्वारे के पास ही ट्रैप लगा देर रात ढाई बजे उसे तब पकड़ा जब वह स्कूटी चोरी का प्रयास कर रहा था। बाद में इसकी निशानदेही पर चोरी की पांच स्कूटी और दो मास्टर चॉबी बरामद की गई।

## खबर संक्षेप

### शशि गार्डन: बेकरी संचालक पर पड़ोसी ने किया चाकू से वार

**नई दिल्ली।** पांडव नगर इलाके के शशि गार्डन में एक बेकरी संचालक पर चाकू और कैंची से ताबड़तोड़ वार कर दिये गये। वारदात का आरोप पड़ोसी तीन भाइयों पर है। गंभीर हालत में शाहबाज नामक शख्स को इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। तीनों आरोपी भाइयों अकरम, कासिम और आजाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली सूचना के अनुसार शाहबाज अपने परिवार के साथ शशि गार्डन में रहता है। वह घर के नीचे बेकरी चलाता है। आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाला अकरम निगम और अन्य विभागों में उसकी झूठी शिकायत करता रहता है। वह आरोप लगा रहा था कि बेकरी की वजह से उसके घर में गर्मी रहती है। उस पर बेकरी को बंद करने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित अपने भाइयों के साथ बुधवार रात को गली में घूम रहा था। आरोप है कि अकरम व उसके दो भाइयों ने उस पर कैंची व चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। बाद में पुलिस ने तीनों को क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के बताये जाते हैं।

### कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद राजधानी के पारे में मामूली गिरावट से राहत

**नई दिल्ली।** कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद गुरुवार को दिल्ली वालों पर मौसम ने कुछ मेहरबानी करते हुए तेवर नर्म किए है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि अधिकतम पारा लुढ़ककर 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1 डिग्री नीचे है। जबकि न्यूनतम पारा 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। सुबह से ही पूर्वी हवाओं ने दिल्ली में गर्मी से राहत देने में भूमिका निभाई। सूरज के तेवर भी कुछ कम हुए जिससे पारा नीचे लुढ़का और लोगों ने राहत महसूस की। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार से अगले चार दिन राजधानी में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। आईएमडी द्वारा जारी सूचना के अनुसार रविवार को पूरी दिल्ली में अच्छी बारिश हो सकती है। जबकि शेष तीन दिन हल्की बूंदाबांदी को लेकर आईएमडी ने सूचना जारी कर दी है। हालांकि शुक्रवार व शनिवार को पारे में एक से दो अंक बढ़ोतरी भी हो सकती है।

## 'चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक'

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर ईडी ने हलफनामा देकर सुप्रीम कोर्ट में दर्ज कराया विरोध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिये सुप्रीम कोर्ट में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक।





सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक नये हलफनामे में, ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले ही वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। ईडी ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखना प्रासंगिक है कि चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, यहां तक कि यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। एजेंसी ने कहा कि उसकी जानकारी के अनुसार, ''किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। यहां तक कि चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार भी यदि हिरासत में हो तो उसे अपने खुद के प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा था कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। पीठ ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी थी। हाईकोर्ट ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध ठहराया था और कहा था कि बार-बार समन जारी करने और केजरीवाल के जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास 'बहुत ही मामूली विकल्प' बचा था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। यह नीति अब समाप्त कर दी गई है।

## बीआरएस नेता कविता ने धन शोधन मामले में जमानत के लिए किया हाईकोर्ट का रुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। धन शोधन मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।

### सुनवाई आज

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करेंगी। अधीनस्थ न्यायालय ने धन शोधन के मामले में छह मई को कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उस आदेश को चुनौती देते हुए बीआरएस नेता ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। अधीनस्थ न्यायालय ने घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में भी कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर सीपीडब्ल्यूडी के महानिदेशक तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उसके आदेशों का उल्लंघन कर दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को तलब किया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोनों अधिकारियों को क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और उन्हें तथा वन महानिदेशक और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि यदि हम संतुष्ट होते हैं, तो उन्हें पेड़ दोबारा लगाने का निर्देश देंगे। सुप्रीम कोर्ट उस अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय राजधानी में रिज क्षेत्र एकमात्र वन क्षेत्र रह गया है और मैदान गढ़ी के निकट छतरपुर रोड और सार्क विश्वविद्यालय के बीच एक सड़क के निर्माण के लिए डीडीए द्वारा वहां बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि प्रतिवादी सुनवाई की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहेंगे। हम निर्देश देते हैं कि प्रतिवादी आगे से किसी भी पेड़ की कटाई में शामिल नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने चार मार्च को डीडीए को 1,051 पेड़ काटने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि उनका आवेदन बहुत अस्पष्ट है।

## चैकिंग के दौरान स्कूटी सवार से मिले 22 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वोटिंग से पहले बाड़ा हिंदू राव इलाके में चैकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार युवक के पास से 22 लाख रुपए मिले। युवक रकम को लेकर पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद सूचना आयकर विभाग को दी गई। स्थानीय एसडीएम और आईटी विभाग की



टीम कैश के बारे में पड़ताल कर रहे हैं। डीसीपी मनोज कुमार मीना के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में बाड़ा हिंदू राव इलाके में पुल मिठाई पिकेट प्वाइंट पर पुलिस चैकिंग कर रही थी। बुधवार रात करीब आठ बजे पीली कोठी, लाहौरी गेट की ओर से आई एक स्कूटी को पुलिस ने रोका। सवाल जवाब करने पर पता चला कि युवक के पास बैग में काफी कैश है। युवक का नाम त्रीनगर, चंदन नगर निवासी अंकुर (31) पता चला। यह पुलिस के सामने कैश को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद पुलिस ने आयकर विभाग को मामले की सूचना दी। इसके साथ ही एआरओ व एसी 20 अधिकारियों और फ्लाइंग स्कवॉयड टीम को भी सूचना की गई। वीडियोग्राफी के बीच इस युवक के पास से मिले कैश की गिनती करायी गई, जिसमें 22 लाख रुपए होना पता चला। 44 बंडल के सभी नोट 500 रुपए के थे। आयकर विभाग इस कैश को जब्त कर अब मामले में आगे की जांच कर रहा है। गौरतलब है कुछ दिन पहले ही ओखला औद्योगिक क्षेत्र में तुगलकाबाद की फ्लाइंग स्कवॉयड टीम ने एक बीएमडब्लयू कार से लगभग दो करोड़ रुपए बरामद किए गए थे। अक्सर चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब और रुपए बांटने का चलन कोई नई बात नहीं है। ऐसी गतिविधियों पर ही नजर रखने के लिए पुलिस और चुनाव से जुड़ी फ्लाइंग स्कवॉयड टीम संदिग्ध गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखती है।

### तिलक नगर: फायरिंग केस में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में कार शोरुम पर फायरिंग के मामले में शामिल रहे एक शख्स को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। केतन (20) को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। शुरुआती पूछताछ में इसने फायरिंग के पीछे विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के नाम का खुलासा किया है। शोरुम पर फायरिंग का मकसद जानने के लिये पुलिस आरोपी से रिमांड पर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार यह वारदात सोमवार शाम तिलक नगर इलाके में हुई थी। कुछ बदमाशों ने कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। फायरिंग में शोरुम का शीशा टूट जाने की वजह से सात लोग घायल हो गए थे, जिनमें एक लोकल भाजपा नेता विकास त्यागी भी शामिल था। इस मामले की गंभीरता को देख लोकल पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल को भी जांच में लगाया गया था। स्पेशल सेल की टीम ने सीसीटीवी कैमरे और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से एक आरोपी को पानीपत से पकड़ा। यह घटना वाली शाम अपनी बाइक पर दो शूटरों के साथ शोरुम पर पहुंचा था। आरोपी भी इस वारदात की साजिश में शामिल था। वारदात के बाद तीनों फरार हो गए। थोड़ा आगे जाकर दोनों शूटर और आरोपी अलग अलग दिशा में निकल गए थे। हिमांशु भाऊ गैंगस्टर नीरज बवाना और नवीन बाली का करीबी बताया जाता है। पुलिस केस में मुख्य आरोपियों की तलाश में लगी है।

## वेतन का भुगतान न होने की वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग और दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और 'अपर्याप्त' वेतन को चुनौती दी गई थी।



न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी है कि अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि वह उम्मीद करता है कि उनकी सेवाएं केवल इस कारण से बंद नहीं की जाएंगी, क्योंकि उन्होंने अपनी शिकायत के साथ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। दिसंबर 2023 से इन वकीलों को वेतन का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में, अदालत ने कहा कि अपेक्षा की जाती है कि राज्य जो एक निष्पक्ष वादी है, याचिकाकर्ताओं को उस अवधि के लिए देय राशि जारी करेगा, जिसके लिए उन्होंने सेवाएं प्रदान की हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि आयोग ने उन्हें 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' (आरसीसी) में वकील के तौर पर काम करने के लिए नियुक्त किया है और वे यहां विभिन्न जिला अदालतों में पदस्थ हैं। उन्होंने दलील दी कि उन्हें हर महीने 42,000 रुपये का भुगतान किया जाता है जो उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिहाज से अपर्याप्त है और इस राशि में से टीडीएस भी कटता है। दिल्ली महिला आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा कि उनके साथ ऐसे सलाहकार काम कर रहे हैं जिन्हें केवल 25,000 रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82243501A | मध्यम (17*15*3.2 सेमी) पॉलीयूरेथेन एस्टर | 200 Set | 03.06.2024 |
| | | फोम ड्रेसिंग किट जिसमें (तेजी से दाने के लिए हाइड्रोफोबिक फोम) सक्शन यूनिट के लिए सर्पिल कट शीट में पॉलीयूरेथेन एस्टर फोम होता है, जिसमें -25 मिमी एचजी से -200 मिमी एचजी का दबाव होता है, सिंचाई के लिए (सिंचाई नहीं), 6 ड्रेप के साथ फोम के 2 टुकड़े और प्रत्येक 500 एमएल के दो कनस्तर (जेल में रिसाव को छिपाने के लिए सोडियम पॉलीक्रिलेट युक्त, इसलिए कोई क्रॉस संदूषण नहीं) रिसाव और रुकावट को रोकने के लिए कम से कम 5 या अधिक लुमेन ट्यूब, समाधान वितरण के लिए एक कैसेट और दो अल्कोहल–मुक्त लिक्विड बैरियर फिल्म जो पेरी घाव की त्वचा की रक्षा करती है और ट्रैक पैड में कम से कम 5 या अधिक लुमेन होते हैं जिनका उपयोग इंस्टिलेशन थेरेपी यूनिट के लिए किया जाएगा। डीजीसीआई एवं बीआईएस/यूएस एफडीए स्वीकृत/यूरोपीय सीई 4 अंकों की अधिसूचना अनुमोदित गुणवत्ता वाली एक एजेंसी द्वारा अनुमोदित। माप +/- 10% | | |

**निविदा शर्तें:-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **दिनांक:** 09.05.2024 **1404/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr.PC देखिये**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गगन दीप सिंह @ गगन नागपाल**, निवासी मकान नं. पी-1/43-44, बुध विहार, फेज-I, विद्या सागर पब्लिक स्कूल के पास, दिल्ली ने केस **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 456/17 धारा 138 एनआई एक्ट पुलिस थाना विजय विहार रोहिणी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गगन दीप सिंह @ गगन नागपाल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गगन दीप सिंह @ गगन नागपाल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती हैं कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 456/17 धारा 138 एनआई एक्ट पुलिस थाना विजय विहार रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **गगन दीप सिंह @ गगन नागपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर पश्चिम),
कमरा नंबर-112, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5461/RD/2024 (Court Matter)

## 113 एनसीआरपी शिकायतें रैकेट से लिंक मिली, खातों में चार करोड़ का लेनदेन

# डिजिटल अरेस्टिंग का डर दिखाकर साढ़े 44 लाख ठगने वाले दो धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने डिजिटल गिरफ्तारी और ठगी के एक मामले को सुलझाते हुये दो आरोपियों को पश्चिम बंगाल से अरेस्ट किया है। आरोपी व्यक्ति विदेश से सिंडिकेट संचालित करने वाले जालसाजों के लिए चालू बैंक खातों की व्यवस्था करते थे।

इनकी गिरफ्तारी से 44,45,436 रुपये की ठगी का केस सुलझा है। जांच के दौरान 113 एनसीआरपी शिकायतें इस रैकेट से लिंक मिली है। इनके खातों में 4 करोड़ से ज्यादा रुपये के लेनदेन का खुलासा हुआ है।डीसीपी रोहित मीना के अनुसार टीम ने दो जालसाजों राकेश कुमार शॉ और रशीद खान निवासी उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार स्मार्ट फोन, एक लैपटॉप और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है। दरअसल गत वर्ष 30 दिसंबर को शरद कपूर निवासी मुनिरका एन्क्लेव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें सूचित किया कि एक अवैध दस्तावेज और सामग्री पाए जाने के कारण एक फेडएक्स पार्सल को मुंबई सीमा शुल्क में रोक दिया गया है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पार्सल में 4 पासपोर्ट, 4 क्रेडिट कार्ड, 1 लैपटॉप, 4 किलो कपड़े और 200 ग्राम एमडीएमए हैं। कथित व्यक्ति ने उसे बताया कि ये पैकेट उसके आधार कार्ड और उसके मोबाइल नंबर पर बुक किए गए



थे। इसके बाद शिकायतकर्ता को स्काइप पर जुड़ने के लिए कहा गया। वहां पर उन्हें खुद को क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी गई। उन पर आरोप लगाया गया कि उसका बैंक खाता अवैध गतिविधियों में शामिल पाया गया था। इसके अलावा उन्होंने शिकायतकर्ता को वीडियो कॉल के जरिए पूछताछ के बहाने उलझाए रखा और उसके बैंक खातों की सारी जानकारी ले ली। इसके अलावा कथित व्यक्तियों ने बताया कि किसी भी अवैध लेनदेन की जांच करने के लिए उनके बैंक खातों को जब्त कर लिया जाएगा और सुरक्षा के रूप में उनके बचत बैंक खाते से 89 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा, जो जांच खत्म होने के बाद 15-20 मिनट में वापस कर दिया जाएगा। यदि जांच उसके खिलाफ जाती है तो उक्त राशि मामला सुलझने तक रोकी रखी जाएगी। उनसे कहा गया कि ऑनलाइन पूछताछ की जानकारी किसी को न बताएं। शिकायतकर्ता को डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर कुल 44,45,436 रुपये ठग लिये गये थे। जांच के दौरान, मनी ट्रेल का विश्लेषण किया गया और यह ज्ञात हुआ कि शिकायतकर्ता के आईसीआईसीआई बैंक खाते से डेबिट की गई राशि पीएनबी बैंक के चालू खाते में जमा की गई थी। पीएनबी बैंक खाते का विश्लेषण किया गया। कथित पीएनबी खाता नीवा सिंह उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल के नाम पर पाया गया। ठगों ने कॉल एक प्रॉक्सी सिम के माध्यम से की गई थी जिसका उपयोग शिकायतकर्ता को एक कॉल करने के लिए किया गया था। स्काइप से अधिक जानकारी प्राप्त की गई और पता चला कि जालसाजों द्वारा वीपीएन का उपयोग किया गया था। मनी ट्रेल के विश्लेषण के दौरान, यह ज्ञात हुआ कि राशि को 35 से अधिक खातों में स्थानांतरित किया गया था और कथित खातों के पते देश के विभिन्न राज्यों के हैं। पुलिस ने आखिर में दो लोगों को अरेस्ट कर लिया।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



गुनगुन गुप्ता | इशिका गुप्ता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो बहनें (फोटो में दर्शाया गया) जिनका नाम **गुनगुन गुप्ता (16 वर्ष)** और **इशिका गुप्ता (15 वर्ष) सुपुत्री मुकेश गुप्ता निवासी 6/289, खिचड़ीपुर, दिल्ली-91** जो **दिनांक 07.05.2024, प्रातः लगभग 10:00 बजे** से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **299/24, दिनांक 07.05.2024 को थाना कल्याणपुरी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इन लड़कियों का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिनका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंग:** स्त्री, **आयु:** (1) 16 वर्ष, (2) 15 वर्ष, **कद:** (1) 5' 3" फीट, (2) 5'2" फीट, **रंग:** (1) गोरा, (2) सांवला, **चेहरा:** (1) अण्डाकार, (2) गोल, **शरीर:** स्वस्थ, **पहनावा:** (1) नीले रंग का टॉप और पैरों में लेडीस सैंडल्स, (2) काले रंग का टॉप और पैरों में काले रंग के सैंडल्स पहने हुए है।

अगर किसी को इन गुमशुदा/अपहृत लड़कियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**थाना प्रभारी**
**थाना: कल्याणपुरी, दिल्ली**
**फोन: 011-22772287**
**मोबाइल: 8750871830**
**DP/5487/ED/2024**

## उदित राज के समर्थन में देवेंद्र यादव ने कंझावला में किया प्रचार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अब जोर पकड़ने लगा है। इसी कड़ी में गुरूवार को उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से इंडिया गंठबंधन ओर कांग्रेसी उम्मीदवार उदित राज के समर्थन में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रचार किया। यादव ने उदित राज के पक्ष में किराड़ी और रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलम फार्म, कंझावला रोड़, रामा विहार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भारी मतों से जीत का दावा किया। इस मौके पर यादव व उदित राज के अलावा एआईसीसी के उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रभारी चौ. बीरेन्द्र सिंह, लोकसभा आब्र्जवर कमल कांत शर्मा, जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार आदि भी मौजूद थे। अपने संबोधन में यादव ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को निर्देश दिए कि कांग्रेस पांच गांरटियों के कार्ड को घर-घर जाकर भरवाएं। युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, वंचितों, निम्न व मध्यम वर्ग के जरूरतमंदों से सीधा सम्पर्क करके उन्हें कांग्रेस की पांच गारंटी और 25 न्याय से होने वाली सुविधाओं और लाभों से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में पदयात्रा निकाले, कॉर्नर मीटिंग करें और बूथ कमेटियां बूथ एजेंट बनाने का काम करें। यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथ के मतदाता से सीधा सम्पर्क और जनसम्पर्क करके जनता तक कांग्रेस की नीतियों और विचारधाराओं को उन तक पहुँचाए। जिससे की लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की सुरक्षा के लिए जन-जन को अवगत कराकर और सावधान किया जा सके।

### जो देश को बांटने की साजिश करेगा उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सचदेवा

# रंगभेदी टिप्पणी को लेकर भाजपा ने किया कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश का हर वह दुश्मन जो भारत को कमजोर करने की कोशिश करेगा या जो देश को बांटने की साजिश करेगा उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को कांग्रेस मुख्यालय के बाहर सैम पित्रोदा द्वारा रंगभेदी टिप्पणी करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उक्त संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यही सैम पित्रोदा हैं जो हमारी संपत्तियों का सर्वे कराकर घुसपैठियों के बीच में बांटने की बात कर रहा था। इस दौरान सचदेवा ने राहुल गांधी से देशवासियों से माफी मांगने की मांग की। वहीं, इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान देश का अपमान है और इसे कोई भी देशवासी नहीं सहेगा। प्रदेश भाजपा के अनुसार इस दौरान



भाजपा नेता राजकुमार चौहान, गजेन्द्र यादव, दिनेश प्रताप सिंह, विनय रावत, प्रवीण शंकर कपूर, सुमित भसीन, नसीब सिंह, नीरज बसौया, अमित मलिक, सारिका जैन, सुनील यादव, विनोद सहरावत, ऋचा पांडे मिश्रा, मोहन लाल गिहारा, नीरज तिवारी, सागर त्यागी, सी एल मीना एवं शुभेनदू शेखर अवस्थी सहित हजारों कार्यकर्ता सम्मलित हुए।

### देश का अपमान कोई भी देशवासी नहीं सहेगा : बिधूड़ी

सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान देश का अपमान है और इसे कोई भी देशवासी नहीं सहेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भाजपा को गाली देना, मुझे गाली देना बर्दाश्त किया जायेगा लेकिन अगर देश के 140 करोड़ जनता को गाली दी जाएगी तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सैम पित्रोदा का बयान सिर्फ एक बयान नहीं है बल्कि देश का अपमान है और हर राष्ट्रवादी इस बयान के खिलाफ सड़कों पर है।

### विविधता ही है देश की ताकत : सचदेवा

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारत की सुंदरता उसकी विविधता है और यही इस देश की ताकत है। हमारी संस्कृति के रूप अलग हो सकते हैं लेकिन उसका सूत्र एक ही है देश की अखंडता। जिस प्रकार कांग्रेस नेताओं ने रंगभेदी टिप्पणी की है वह सीधे तौर पर हमारे देश की एकता और अखंडता को गाली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा दिया गया यह बयान अचानक नहीं आया है बल्कि चुनाव के तीन चरण के बाद कांग्रेस की राजनीतिक जमीन खिसकती नजर आ रही है तो यह बयान आ रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि यह टिप्पणी सिर्फ एक बयान नहीं है बल्कि यह जानबूझकर लोगों को रंगों के आधार पर बांटने की साजिश है। 70 साल तक देश को लूटने वाली कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को आज देश के अंदर लोगों में भेदभाव नजर आ रहा है। सचदेवा ने कहा कि देश के अंदर सभी का जीने और रहने का तरीका भले अलग हो सकता है लेकिन सैम पित्रोदा की टिप्पणी तो भारतवासियों का भारतीय होने का अधिकार छीन रही है।

## हम दिल्ली में आरडब्ल्यूए और ईको सिस्टम को मजबूत करने के लिए हैं प्रतिबद्ध : डॉ. शैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हम दिल्ली में आरडब्ल्यूए और दिल्ली के ईको सिस्टम को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने गाजीपुर लैंडफिल को साफ करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के साथ-साथ एमसीडी स्कूलों की शिक्षा प्रणाली में सुधार के प्रयास भी तेज कर दिए हैं। यह बातें गुरुवार को दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के आईपी एक्सटेंशन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों के साथ जन संवाद करते हुए कहीं। महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने आप सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शानदार स्कूल, अस्पताल, मुफ्त बिजली और पानी, मोहल्ला क्लीनिक की सुविधा दी है। दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट लगवाए, सड़कों और गलियों का विकास किया है। अनधिकृत कॉलोनियों में किए गए विकास कार्य केजरीवाल के जन कल्याण के प्रति समर्पण को दिखाता हैं। जबकि भाजपा ने केवल केजरीवाल सरकार के काम में रुकावटें डालने के अलावा कोई काम नहीं किया। साथ ही पूर्वी दिल्ली में आरडब्ल्यूए की हमेशा उपेक्षा की है।

## दिल्ली में 162 उम्मीदवार लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 162 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली में संसदीय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार, 29 अप्रैल से शुरू हुई और 6 मई, 2024 को समाप्त हुई। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को नामांकन वापसी की समाप्ति के बाद दिल्ली के सभी सात संसदीय क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 162 दर्ज हुई है। नामांकन स्थिति इस प्रकार है। चांदनी चौक सीट से 25, उत्तर पूर्व दिल्ली से 28, पूर्वी दिल्ली से 20, नई दिल्ली से 17, उत्तर पश्चिम दिल्ली (एससी) से 26, पश्चिमी दिल्ली से 24 और दक्षिण दिल्ली से 22 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कुलदीप ने लक्ष्मीनगर में बाइक रैली निकाल किया जनसंपर्क

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में लक्ष्मी नगर के कई इलाकों से होकर यह रैली गुजरी। इस दौरान कुलदीप कुमार के साथ भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने बाइक पर सवार होकर जनता से संपर्क किया। कुलदीप कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें जीत रहा है। भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने के अलावा और कोई काम नहीं किया है। इसे लेकर दिल्लीवालों में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। दिल्ली की जनता 25 मई को भाजपा के खिलाफ वोट कर इसका जवाब देगी। बाइक रैली शुरु करने से पहले उन्होंने गीता कॉलोनी वार्ड 210 में जाकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाई और पार्क में वृक्षरोपण किया।



## दिल्ली में पंजाब के सीएम भगवंत मान 11 मई को करेंगे प्रचार

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पूर्वी और दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए आगामी 11 मई को रोड शो करेंगे। पार्टी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत 25 मई को राजधानी दिल्ली में मतदान होगा। मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार और दक्षिणी दिल्ली से सहीराम पहलवान के लिए भगवंत मान वोट मांगेंगे। पार्टी के एक नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री मान दोनों लोकसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत, कांग्रेस ने दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि आम आदमी पार्टी शेष चार सीटों से चुनाव लड़ रही है।

## भाजपा प्रत्याशियों ने किया जनसंपर्क



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशियों ने गुरूवार को अपने अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान महरौली में दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी का रोड शो हुआ जिसमें समर्थक मौजूद रहे। महरौली बस स्टैंड से शुरू हुए इस रोड शो में सम्मिलित होने के लिए दक्षिणी दिल्ली के कोने-कोने से आए भाजपा के हजारों समर्पित कार्यकर्ताओं ने 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद', 'अबकी बार 400 पार', 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद', 'रामवीर सिंह बिधूड़ी जिंदाबाद' जैसे नारे लगाकर अपना उत्साह और जोश दिखाया। वहीं, समर्थकों ने दावा किया कि इस बार दक्षिणी दिल्ली के हर बूथ पर कमल ही खिलकर रहेगा। उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज तिवारी ने दिनभर पदयात्रा सामाजिक बैठक एवं जनसंपर्क कर विगत 10 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए जनादेश के लिए क्षेत्र के मतदाताओं से समर्थन मांगा।

## लोकसभा चुनावों के लिए सीईओ कार्यालय ने की रैपिडो के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। दिल्ली के मतदाताओं के लिए अंतिम मील कनेक्टिविटी के माध्यम से लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने गुरूवार को बाइक राइड-शेयरिंग कंपनी रैपिडो के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। रैपिडो के साथ तय की गई व्यवस्था के अनुसार, दिल्ली में पात्र मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्रों से उनके घर तक मुफ्त यात्रा का विकल्प प्रदान किया जाएगा। सीईओ कार्यालय ने बताया कि जैसा कि दिल्ली 25 मई, 2024 को लोकसभा मतदान दिवस की तैयारी कर रही है, इस सहयोग का उद्देश्य परिवहन बाधाओं को दूर करना और नागरिकों को वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। अधिकतम मतदान प्रतिशत के महत्व को पहचानते हुए, सीईओ ने सभी पात्र मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों से आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं।



## 25 हजार रुपये का इनाम था घोषित

# सम्पत्ति विवाद में सगे भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नन्दग्राम पुलिस टीम ने गुरुवार को सम्पत्ति विवाद में अपने सगे भाई की हत्या करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

हिन्डन विहार निवासी शाहरुख खान ने पिछले दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चाचाओं ने छुरे से एक राय होकर उसके पिता हाजी मूसा उम्र करीब 55 वर्ष की छुरे से हत्या कर दी है। जाते समय जान से मारने की धमकी देकर भाग गये है, जिस पर तत्काल थाना नन्दग्राम पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया। हिन्डन मैट्रो स्टेशन के पास से गुलजार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गुलजार उर्फ सुंदर ने बताया कि मृतक हाजी मूसा मेरा सगा भाई था, हमारी पुस्तैनी जमीन मकान व घेर, गांव सैदपुर थाना भोजपुर गाजियाबाद में स्थित है। जिसमें मेरे तीन भाई इदरीश, बिल्लू, व शेरु रहते है। गांव के मकान व घेर का बंटवारा नही हुआ है, मैं व मेरा भाई अहसान गांव के मकान व घेर के हिस्से को बेचना चाहते थे। जिसके लिए अपने बडे भाई हाजी मूसा से बार बार हिस्सा बंटवारे की बात कही लेकिन हाजी मूसा हिस्सा बांटने को मना कर देता था। मेरे मन में तभी से हाजी मूसा को सबक सिखाने की बात आ गयी थी, मैंने अपने भाई अहसान को भी इस बारे में कई बार कहा था, हाजी मूसा के पास अच्छी खासी प्रोपर्टी है, मैं व अहसान, अपने भाई हाजी मूसा के पास दो मई की शाम को आये व हिस्सा बंटवारा करने के लिए कहने लगे तो हाजी मूसा ने बंटवारा करने से मना कर दिया, तब मैने गुस्से से हाथ में लिए चाकू से हाजी मूसा पर कई वार किये, और हम दोनो भाई वहां से भाग गये ।

# छात्रा का किडनेप कर किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सोहना शहर एरिया में दो युवकों द्वारा स्नातक कर रही छात्रा का किडनेप कर रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता ने एक आरोपी पर जबरन शादी करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और छानबीन शुरु कर दी।

दरअसल, स्नॉतक कर रही छात्रा कॉलेज में परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। कॉलेज पहुंचने से पहले ही दो युवकों ने उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर किडनेप कर लिया। आरोपी युवक छात्रा को लेकर गुरुग्राम के एक होटल गए और वहां दो दिनों तक छात्रा से गैंगरेप किया। दो दिनों के बाद एक आरोपी छात्रा को गुरुग्राम में ही अपनी बहन के घर पर ले गया। जहां पर पीड़ित छात्रा ने आरोपी की बहन को अवसर मिलने पर सारी व्यथा बता डाली तथा आरोपियों से मुक्त कराने को कहा। इसके बाद आरोपी छात्रा को जयपुर अपने रिश्तेदार के घर पर ले गए। जहां पर छात्रा को डरा धमकाकर ने एक युवक ने आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। मंगलवार को पीड़ित छात्रा ने जैसे-तैसे खुद को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया। बाहर निकलने के बाद उसने किसी की मदद से परिजनों को फोन किया। परिजनों की शिकायत मिलते ही पुलिस ने जयपुर पुलिस से संपर्क साधकर छात्रा को तलाश कर परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस आरोपी को जांच के लिए जयपुर ले गई है। हालांकि पुलिस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। शहर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार मामले की जांच चल रही है।

# 10 सालों में इंद्रजीत ने रिकार्ड विकास कार्य करवाए: आरती



**गुरुग्राम।** मेवात में संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने पिता के पक्ष में मोर्चा संभालते हुए क्षेत्र का दौरा तेज कर दिया है। उन्होंने वीरवार को नूंह जिले के विभिन्न गांव का दौरा कर उनके पिता द्वारा जनता के लिए किए गए संघर्ष हवाला देते हुए कहा कि उनके पिता ने कभी निजी स्वार्थ की राजनीति नहीं की है। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक विरोधी भी मेरे पिता राव इंद्रजीत की ईमानदारी की मिसाल देते हैं। आरती राव वीरवार को नूंह विधानसभा के गाँव बारोटा, उदाका हिलालपुर, भिरावटी, किरंज मेव गांगोली कुरथला, गांगुली, बसी संगेल, नूंह शहर में लोगों को संबोधित कर रही थी। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की बेटी ने कहा कि राव ने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया है चाहे उन्हें राजनीतिक नुकसान या नफा हुआ हो। उन्होंने कहा कि जनता भी मेरे पिता की पीठ के पीछे हमेशा खड़ी रही और उनकी पीठ को मजबूत बनाने का काम किया। अपने पिता के द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनवाते हुए आरती ने कहा कि दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे से नूंह जिले के आसपास औद्योगिक विकास की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के जरिए सोहना व तावडू रेल से जुड़ रहा है। केंद्र सरकार ने आधे मेवात को ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के जरिए रेल से जोड़ने का काम सरकार ने किया है। आरती ने कहा कि रेवाड़ी में बन रहा है एम्स मेवात के लोगों के लिए भी फायदेमंद होगा और सस्ता इलाज मेवात के लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 मई को भारी संख्या में कमल के निशान का बटन दबाकर विकसित राष्ट्र बनाने की चल रही मुहिम को कामयाब बनाएं।

## तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचला, मौत




**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में तेज रफ्तार वाहन से कुचले जाने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि वह विक्षिप्त अवस्था में घूमता देखा गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर कारवाई शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में बिहार के वैशाली निवासी मोहम्मद जावेद ने कहा कि वह पिछले करीब 10-12 साल से बिलासपुर एरिया में मन्नत होटल के निकट टायर पंक्चर लगाने का काम करता है। बुधवार की सुबह करीब 12.50 पर एक दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। जो यहां विक्षिप्त अवस्था में घूमता रहता था और मांगकर खाना खाता था। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे को अंजाम देकर वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया और उसकी पहचान के प्रयास में जुटी है।

# भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया: महेन्द्र प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने एनआईटी के शिवाजी पॉर्क में जहां चाय पर चर्चा की। वहीं एनआईटी के विजय रामलीला तथा सेक्टर-12 स्थित जिला बार एसोसिएशन में आयोजित स्वागत समारोहों में भी स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान किया गया। इसके अलावा तिगांव विधानसभा क्षेत्र के नचौली व सिडौला में बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया।

चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है। किसान,व्यापारी, कर्मचारी, महिला, युवा, कर्मचारी व हर वर्ग अपने-आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के विकास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली मैट्रो कांग्रेस सरकार की ही दैन है। पहले मैट्रो को फरीदाबाद तक चालू करवाया गया फिर मैट्रो को बल्लभगढ़ तक विस्तार देकर क्षेत्र की जनता को बड़ी विकास परियोजना दी जबकि भाजपा सरकार ने फरीदाबाद से गुरुग्राम तक घोषणा पिछले केवल लोगों को छलावा साबित हुई है वहीं अब ये भाजपाई बल्लभगढ़ से पलवल तक मैट्रो चलाने की घोषणा कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाईयों की घोषणा को कई वर्ष गुजर गए लेकिन एक पिलर तक भी खडा नहीं हुआ है। जिससे साबित हो गया है कि भाजपा झूठ व जुमलों की पार्टी बन गई है। उन्होंने लोगों के समक्ष ऐलान किया कि कांग्रेस सरकार में ही मैट्रो को पलवल और गुडगांव तक विस्तार किया जाएगा।

कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने विकास पर फोकस रखा वहीं युवाओं को रोजगार दिया और गरीबी को ध्यान में रखकर हर वर्ग के लोगों के हितार्थ कार्य किए मगर पिछले दस साल में भाजपा ने दी तो सिर्फ बेरोजगारी, मंहगाई जिससे आज हर वर्ग त्राही-त्राही कर रहा है वहीं फरीदाबाद का विकास पटरी से उतर गया है क्योंकि फरीदाबाद का सही विकास कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार से लोगों का उत्साह दिखाई दे रहा है उससे साफ संकेत हैं कि इस बार भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है।

इस अवसर पर तिगांव के पूर्व विधायक ललित नागर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राज के भ्रष्टाचार का जवाब देने का सही वक्त अब आ गया है इसलिए लोकतंत्र के इस महापर्व पर भाजपा के भ्रष्टाचार व लूट का अंत करने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

# पुलिस ने लौटाई साइबर ठगों के शिकार पीड़ितों के चेहरे की खुशी, वापस कराए छह करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के पीड़ितों को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस ने ठगी का शिकार हुए लोगों को 55 व्यक्तियों के छह करोड़, 73 लाख 45 हजार 787 रुपये वापस कराये । यह धनराशि कोर्ट के आदेश के बाद रिफंड कराए गये। एडीसीपी सच्चिदाननद ने बताया कि थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट ने विभिन्न साइबर फ्राड की घटनाओं में तत्काल अभियोग पंजीकृत कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए बैंको से सम्पर्क कर उन बैंक खातों को फ्रीज कराया गया । ये घटनायें जैसे टेलीग्राम टास्क फ्राड, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, फेडेक्स कुरियर फ्राड व पुलिस आफिसर बन मुकदमें में फंसाने का भय दिखाकर फ्राड करने आदि में कुल-116 अभियोग पंजीकृत किये गये। जिसमें 27जनवरी से 8 मई तक कुल सात करोड़,98 लाख 32हजार 787 की धनराशि होल्ड कराते हुए 55 व्यक्तियों के छह करोड़, 73लाख 45 हजार 787 रुपये वापस कराये गए। जिसके बाद राहत पाने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा की है।

### एडीसीपी ने साइबर अपराध से बचाव के तरीके को लेकर भी गाइडलाइन जारी की जो इस तरह है

शेयर ट्रेडिंग फ्राड से बचने के लिये अधिकारिक डीमेट एकाउंट से ही शेयर ट्रेडिंग करें।
किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। टेलीग्राम टास्क फ्रॉड से बचे। क्रेडिट कार्ड लिमिट बढाने आदि को लेकर आने वाली कॉल पर कोई भी बैंक डिटेल एवं ओटीपी शेयर न करें। किसी भी सोशल साइट पर बिना पूर्ण जानकारी के किसी भी ग्रुप (टेलीग्राम/व्हाटसएप आदि) से न जुडें।
किसी के कहने पर कोई रिमोट एक्सेस ऐप जैसे -एनीडेस्क/टीम व्यूवर आदि डाउनलोड न करें।
वर्क फ्राम होम के ऐड देखकर लालच में न पड़े।सोशल मीडिया से सम्बन्धित एप्लीकेशन में सुरक्षा हेतु -टू-स्टेप एथेन्टीकेशन का हमेशा प्रयोग करें।
किसी भी कस्टमर केयर नम्बर को गूगल पर सर्च करते -समय सम्बन्धित कम्पनी की अधिकारिक वेबसाइट से ही नम्बर लें।
जाब के नाम पर,लोन के नाम पर,टावर लगाने के नाम पर एवं लाटरी के नाम पर, रिश्तेदार बनकर यदि कोई आपसे पैसा मांगता है तो आपके साथ फ्राड हो सकता है, उससे बचें। साइबर वित्तीय फ्राड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं0-1930 पर काल करें अथवा साइबर फ्राड होने पर वेव साइट **https://cybercrime.gov.in** आनलाइन शिकायत दर्ज करायें।

## पिछले 10 सालों में राव इंद्रजीत ने रिकार्ड विकास कार्य करवाए: आरती राव

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने पिता के पक्ष में मोर्चा संभालते हुए क्षेत्र का दौरा तेज कर दिया है। उन्होंने वीरवार को नूंह जिले के विभिन्न गांव का दौरा कर उनके पिता द्वारा जनता के लिए किए गए संघर्ष हवाला देते हुए कहा कि उनके पिता ने कभी निजी स्वार्थ की राजनीति नहीं की है। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक विरोधी भी मेरे पिता राव इंद्रजीत की ईमानदारी की मिसाल देते हैं। आरती राव वीरवार को नूंह विधानसभा के गाँव बारोटा, उदाका हिलालपुर, भिरावटी, किरंज मेव गांगोली कुरथला, गांगुली, बसी संगेल, नूंह शहर में लोगों को संबोधित कर रही थी। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की बेटी ने कहा कि राव ने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया है चाहे उन्हें राजनीतिक नुकसान या नफा हुआ हो। उन्होंने कहा कि जनता भी मेरे पिता की पीठ के पीछे हमेशा खड़ी रही और उनकी पीठ को मजबूत बनाने का काम किया।
अपने पिता के द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनवाते हुए कहा कि दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे से नूंह जिले के आसपास औद्योगिक विकास की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के जरिए सोहना व तावडू रेल से जुड़ रहा है। केंद्र सरकार ने आधे मेवात को ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के जरिए रेल से जोडऩे का काम सरकार ने किया है। आरती ने कहा कि रेवाड़ी में बन रहा है एम्स मेवात के लोगों के लिए भी फायदेमंद होगा और सस्ता इलाज मेवात के लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 मई को भारी संख्या में कमल के निशान का बटन दबाकर विकसित राष्ट्र बनाने की चल रही मुहिम को कामयाब बनाएं।

# लोकसभा चुनावों में एक निर्दलीय प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद शेष रहे 24 उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा, कांग्रेस, इनेलो, बसपा सहित सभी उम्मीदवारों को बांटे चुनाव चिन्ह

लोकसभा के आम चुनावों के तहत एक निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद चुनावी मैदान में अब कुल 24 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार सैनी ने अपना नामांकन वापस लिया है। नामांकन प्रक्रिया की समयावधि की समाप्ति के साथ ही उन्होंने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह आरक्षित हैं। हिंदी वर्णमाला के तहत अल्फाबेटिकली चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। रिकॉग्नाइज्ड राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के किशन ठाकुर को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के कृष्णपाल गुर्जर को कमल का फूल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को हाथ का पंजा, इंडियन नेशनल लोकदल के सुनील तेवतिया को चश्मा, जजपा के नलिन हुड्डा को चाबी चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ।

उपायुक्त ने कहा कि कुछ पंजीकृत राज्यीय राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह आरक्षित नहीं है, जिन्हें उनकी मांग अनुसार ही चुनाव चिन्ह आवंटित हुए हैं क्यों कि उनकी प्रथम इच्छा का चिन्ह ही उन्हें आवंटित किया गया। प्रथम इच्छा के चुनाव चिन्ह की मांग अन्य किसी प्रत्याशी द्वारा न किये जाने के कारण ऐसा संभव हुआ। इनमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की बृजबाला को फलों की टोकरी, राष्ट्र निर्माण पार्टी के भारत भूषण कोली को हांडी, राष्ट्रीय विकास पार्टी के महेश प्रताप शर्मा को गन्ना किसान, अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी के रणधीर सिंह उर्फ धीरू खटाना को सीटी, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की शकीला हुसैन को त्रिभुज, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के शिव नारायण बाबा दूबे को नेल कटर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्याम सुंदर सिंह को बांसुरी, बुलंद भारत पार्टी के सत्यदेव यादव को गैस सिलेंडर, आरक्षण विरोधी पार्टी के पं. सुमित कुमार शर्मा को बल्ला, जनशक्ति दल के स्वतंत्र सिंह चौहान को सेब तथा आदिम भारतीय दल के हरि शंकर राजवंश को टेलीफोन और सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के ज्ञान चंद बैंसला को सोफा का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के अडिग फैसलों ने भारत को विश्व पटल पर मजबूत किया: कृष्णपाल गुर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि वर्ष 1984 के बाद देश की जनता ने भाजपा के रुप स्पष्ट बहुमत की सरकार चुनी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। मोदी सरकार ने मजबूत फैसले लेकर न केवल देश को आगे बढ़ाया बल्कि विश्व पटल पर उसकी साख भी बढ़ाई। बहुमत की सरकार थी, तभी भारत ताकतवर देशों की सूची में 11वें से पांचवें स्थान पर आ पहुंचा और अब तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है वहीं 70 सालों बाद कश्मीर से धारा 370 हटी, पांच सौ सालों बाद राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई, यह सब कार्य नरेंद्र मोदी की बहुमत सरकार के द्वारा ही संभव हो पाया। गुर्जर आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांवों मुजेड़ी, नवादा, बुखारपुर, दयालपुर, बहबलपुर, फतेहपुर बिल्लौच, पन्हेड़ा खुर्द, नरियाला, छांयसा, साहूपुरा खादर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का ढोल नगाड़ों की थाप पर पुष्प वर्षा करके और सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। युवा बिग्रेड उन्हें बाइकों के माध्यम से जुलूस के रुप में सभा स्थल तक लेकर पहुंचीए जहां ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, भाजपा नेता दीपक डागर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. बलदेव अलावलपुर, सोहनपाल छोकर, पवन रावत मौजूद रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास किया है, उन्होंने पृथला क्षेत्र के विकास की बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जहां 900 करोड़ की लागत से श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ वहीं करोड़ों की लागत से रेनीवेल परियोजना शुरू हुई, जिसके तहत हर घर मीठा पानी पहुंच रहा है। वहीं 200 करोड़ की लागत से क्षेत्र की सडक़ों का नवीनीकरण किया गयाए प्रमुख सड़कों के साथ-साथ गांवों में भी सडक़ों का नवीनीकरण किया गया। गुर्जर ने विधायक नयनपाल रावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि निर्दलीय चुनाव जितने के बाद भी नयनपाल रावत ने बिना स्वार्थ भाजपा को समर्थन दिया और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी। और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भी भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां विकास कार्यों में कोई कमी बाकि नहीं छोड़ी।

## बजरंग दल के नेताओं ने अधूरी जानकारी के इस मामले को हाई लाइट किया

# मंदिर तोड़े जाने का मामला झूठा, निगम के खिलाफ साजिश: महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



विवेकानंद नगर समेत महानगर में 12 स्थानों पर नगर निगम द्वारा कथित तौर पर मंदिर तोड़े जाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। गुरुवार को इस मसले पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम ने पिछले एक साल के दौरान कोई मंदिर नहीं तोड़ा है। बल्कि मन्दिरों को अवैध कब्ज़ा होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि विहिप, बजरंग दल के नेताओ ने अधूरी जानकारी के इस मामले को हाई लाइट किया है। जो सीधे तौर पर नगर निगम के खिलाफ साजिश हो सकती है। सुनीता दयाल ने कहा कि विवेकानंद नगर में देखा जाए तो मंदिर के साथ दूर तक भी छेडछाड नहीं की गई,बल्कि विवादित हिस्से को भी इस चलते हटाया गया,चूंकि निगम अधिकारियों की नौकरी पर आ गई थीं,उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया गया है।उन्होंने ये भी साफ संकेत दिए कि चूंकि फिलहाल लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है,वह खामौश है,लेकिन जिन लोगों के द्वारा उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है,उन्हें समय आने पर जबाव दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय नगर कुटी के मंदिर की बात है टी उसपर बैंसला नामक एक शख्स कब्जा कर रहा था। जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। सुनीता दयाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा एक ही परिवार का हिस्सा है। मुददे को लेकर यदि किसी तरह भ्रांतियां थीं,तो उनसे बात की जा सकती थीं,लोगों के लिए उनके द्वारा 24घंटे खुले है। रात 12 बजे तक भी उनके द्वारा काल रिसीव की जाती है। उन्होंने कहा कि कि मुददे को लेकर किसी के द्वारा उनसे संपर्क करने का प्रयास ही नहीं किया गया। उन्होने ये भी दावा किया कि उनके कार्यकाल के दौरान निगम प्रशासन के द्वारा किसी मंदिर के साथ छेडछाड का भी प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तमाम मंदिरों का न केवल सर्वे कराया गया है,बल्किजीयो टेग आधारित फोटो कराए गए है। इन मंदिरों का किसी के द्वारा भी सर्वे किया जा सकता है। मंदिर चूंकि आस्था के केंद्र है,ऐसे में तमाम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी धार्मिक स्थल के साथ छेडछाड न की जाए।

## खबर संक्षेप

### उप्र में सगी बहनों की संदिग्ध हालात में मौत

**बरेली।** बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में दो सगी बहनें संदिग्ध हालात में मृत पाई गईं। लड़कियों के पिता ने पड़ोसी युवक और उसकी भाभी पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के सफरी गांव में कल्पना (19) और उसकी छोटी बहन तुलसी (17) के शव बुधवार रात उनके घर में पाए गए। कल्पना का शव फांसी पर लटका मिला जबकि तुलसी का शव जमीन पर पाया गया।

### करंट लगने से एक संविदाकर्मी की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के हिंडन विहार में बिजली ठीक करते समय करंट लगने से एक संविदाकर्मी की मौत हो गई। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि सेक्टर 47 के बिजली उप केंद्र से हिंडन विहार में बिजली आपूर्ति होती है और बुधवार रात को लाइन में कुछ खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि इसे ठीक करने के लिए संविदा कर्मी संतोष कुमार, विनीत कुमार और तालिब खान को भेजा गया। सैनी ने बताया कि विनीत और तालिब लाइन ठीक करने के काम में लग गए ।

### नोएडा में मदद के बहाने मोटरसाइकिल चुराई

**नोएडा।** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में घायल हुए एक व्यक्ति की मदद करने के बहाने कुछ लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रोहन मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था तभी एस्टर चौकी के पास उसका दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया जिसके कारण वह घायल हो गया। शिकायत के आधार पर बताया कि मौजूद के लोगों ने रोहन को अस्पताल भेजने के लिए एक ऑटो रिक्शा में बैठाया तथा उससे कहा कि वे उसकी मोटरसाइकिल लेकर पीछे से आ रहे हैं।

### संदिग्ध हालात में दंपति के शव खेत से बरामद

**अमरोहा।** अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र में एक किसान दंपति के शव संदिग्ध हालात में एक खेत में पाये गये। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मुनेश खड़गवंशी (32) और उसकी पत्नी प्रवेश (30) के शव एक खेत में पाए गए।

### पुलिस कर्मी का कटा 18 हजार का चालान

**नोएडा।** मोटरसाइकिल पर बिना हेलमेट पहने जा रहे एक पुलिस कर्मी पर यातायात पुलिस ने 18 हजार रुपये का चालान किया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक तस्वीर सामने आई जिसमें एक पुलिस कर्मी को मोटरसाइकिल के पीछे बैठे हुए और बिना हेलमेट पहने देखा जा सकता है।

## ताज की खूबसूरती की दीवानी हुईं मिस यूनिवर्स शेन्निस...



पलासियोस, 45 मिनट तक रुकीं, खूब कराई फोटोग्राफी

**आगरा।** मिस यूनिवर्स-2023 शेन्निस पलासियोस ने ताज का दीदार किया। जब उन्होंने मुख्य गेट से प्रवेश किया तो पर्यटकों की भीड़ उन्हें देखने कि लिए जुट गई। फैंस उनके साथ सेल्फी लेते भी नजर आए। कड़ी सुरक्षा के बीच मिस यूनिवर्स ने ताज की खूबसूरती को निहारा। मिस यूनिवर्स 2023 शेन्निस पलासियोस ने करीब 45 मिनट तक ताज को निहारा। इस दौरान पर्यटन पुलिस के साथ-साथ थाना ताजगंज पुलिस का कड़ा पहरा रहा। इस दौरान मिस यूनिवर्स ने ताज की खूबसूरती के साथ इतिहास को जानने में भी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने ताज के साथ जमकर फोटोग्राफी की। बता दें 'मिस यूनिवर्स 2023' का खिताब अपने नाम करने वाली शेन्निस पलासियोस पहली निकारागुआन महिला हैं। इससे पहले वे कई खिताब जीत चुकी हैं। शेन्निस अपने देश की राजधानी में पली-बढ़ी हैं और एक अनुभवी प्रतियोगिता प्रतियोगी हैं। उन्होंने 2016 में अपनी सौंदर्य प्रतियोगिता की शुरुआत की, तब उन्होंने मिस टीन निकारागुआ 2016 का खिताब जीता। उन्होंने मिस वर्ल्ड निकारागुआ 2020 का भी खिताब जीता और 2022 में सैन जुआन, प्यूर्टो रिको में आयोजित मिस वर्ल्ड 2021 प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

## पटना: कमांड सेंटर ने पकड़ी गड़बड़, 109 बालू घाटों के ई-चालान बंद

एजेंसी ▶▶| पटना

■ वीडियो की निगरानी के लिए मुख्यालय में ही कंट्रोल एंड कमांड सेंटर भी बनाया

खान एवं भू-तत्व विभाग ने 109 बालू घाटों के सीसीटीवी के लाइव फुटेज नहीं मिलने की वजह से तत्काल प्रभाव से इन सभी घाटों के ई-चालान बंद कर दिए हैं। कंट्रोल और कमांड सेंटर को वापस जैसे ही लाइव फुटेज मिलने शुरू होंगे चालान जारी करने की प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी जाएगी। खान एवं भू-तत्व विभाग ने बालू के अवैध रूप से बढ़ते खनन को देखते हुए वर्ष 2024-25 में बालू घाटों से लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के निर्देश दिए थे। जिन घाटों की नीलामी हो चुकी है उनके बंदोबस्तधारियों को ही घाट पर सीसीटीवी लगाने का जिम्मा भी दिया गया था। घाटों पर लगे सीसीटीवी से लाइव प्राप्त होने वाले वीडियो की निगरानी के लिए मुख्यालय में ही कंट्रोल एंड कमांड सेंटर भी बनाया गया है। गुरुवार को यह कमांड सेंटर प्रारंभ हुआ। जिसके बाद जानकारी सामने आई कि 109 घाटों से लाइव वीडियो नहीं प्राप्त हो रहे हैं। जिसके बाद विभाग ने संबंधित घाटों से परिवहन के लिए जारी होने वाले चालान पर रोक लगा दी है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग ने यह कदम बालू के अवैध खनन, भंडारण और बिक्री रोकने के लिए उठाया है। विभाग के अनुसार, बालू घाटों से लाइव वीडियो कमांड सेंटर को जैसे ही मिलने लगेंगे चालान जारी करने की व्यवस्था दोबारा बहाल कर दी जाएगी। बता दें कि कमांड सेंटर में लाइव वीडियो की मानीटरिंग के लिए पाली के अनुसार खनिज विकास पदाधिकारी और खान निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### न्यायालय ने मामले को संज्ञान लेते हुए इश्यू नोटिस का आदेश दिया

# फतेहपुर सीकरी में चिश्ती दरगाह है या कामाख्या देवी का मंदिर

एजेंसी ▶▶| आगरा



आगरा के सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में नया दावा दायर

आगरा के सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में फतेहपुर सीकरी में स्थित सलीम चिश्ती की दरगाह को कामाख्या माता का मंदिर और जामा मस्जिद को कामाख्या माता मंदिर परिसर बताते हुए नया दावा दायर किया गया है। यह नया दावा अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि केस में माता कामाख्या, आस्थान माता कामाख्या, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट, योगेश्वर श्रीकृष्ण सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान ट्रस्ट, क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह वादी हैं। प्रतिवादी संख्या एक उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, विपक्षी संख्या दो प्रबंधन कमेटी दरगाह सलीम चिश्ती, विपक्षी संख्या तीन प्रबंधन कमेटी जामा मस्जिद है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में विवादित संपत्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है, जिस पर सभी विपक्षीगण अतिक्रमणी हैं। फतेहपुर सीकरी का मूल नाम सीकरी है जिसे विजयपुर सीकरी भी कहते थे। ये सिकरवार क्षत्रियों का राज्य था और विवादित संपत्ति माता कामाख्या देवी का मूल गर्भ गृह व मंदिर परिसर था। यहां की प्रचलित ऐतिहासिक कहानी के अनुसार फतेहपुर सीकरी को अकबर ने बसाया जोकि झूठ है। बाबर ने अपने बाबरनामा में सीकरी का उल्लेख किया था और वर्तमान में बुलंद दरवाजे के नीचे दक्षिण पश्चिम में एक अष्टभुजीय कुआं/बाओली है और दक्षिण पूर्वी हिस्से में एक गरीब घर है, जिसके निर्माण का वर्णन बाबर ने किया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभिलेख भी यही मानते हैं।

### सरस्वती और जैन मूर्तियों मिलीं

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि डीबी शर्मा जोकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद रहे हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में फतेहपुर सीकरी के बीर छबीली टीले की खुदाई की, जिसमें उन्हें सरस्वती और जैन मूर्तियों मिलीं, जिनका काल 1000 ईस्वी के लगभग था। डीबी शर्मा ने अपनी पुस्तक /"आर्कियोलॉजी ऑफ फतेहपुर सीकरी- न्यू डिस्कवरीज़/" में इसका विस्तार से वर्णन किया है। इसी पुस्तक के पेज संख्या 86 पर वाद संपत्ति का निर्माण हिन्दू व जैन मंदिर के अवशेषों से बताया है। वहीं अंग्रेज अधिकारी ईबी हावेल ने वाद संपत्ति के खंभों व छत को हिन्दू शिल्पकला का बताया है और मस्जिद होने से इनकार किया है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि खानवा युद्ध के समय सीकरी के राजा राव धामदेव थे। खानवा युद्ध में जब राणा सांगा घायल हो गए तो राव धामदेव धर्म बचाने के लिए माता कामाख्या के प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को ऊंट पर रखकर पूर्व दिशा की ओर गए और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सकराडीह में कामाख्या माता के मंदिर को बनाकर इस विग्रह को पुनः स्थापित किया। उस तथ्य का उल्लेख राव धामदेव के राजकवि विद्याधर ने अपनी पुस्तक में किया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय कानून भी यही कहता है कि किसी भी मंदिर की प्रकृति को बदला नहीं जा सकता है। यदि एक बार वो मंदिर के रूप में प्राण प्रतिष्ठित हो गया तो वह हमेशा मंदिर ही रहेगा। केस को न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव के न्यायालय लघुवाद न्यायालय में पेश किया गया, जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए इश्यू नोटिस का आदेश किया व सुनवाई की अगली तिथि ऑनलाइन ई-कोर्ट पर देखने को कहा गया। आज सुनवाई के दौरान वादी व अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुलश्रेष्ठ, अधिवक्ता अभिनव कुलश्रेष्ठ व अजय सिकरवार उपस्थित रहे।

## चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर बनाने का रास्ता साफ

■ 5000 करोड़ की इंडस्ट्री और एक लाख लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा



■ ड्रोन से लेकर हेलीकॉप्टर तक और गोला बारूद से लेकर तोप तक बनेंगे

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी को देश का सबसे बड़े डिफेंस उत्पाद निर्माण हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पर्यावरण मंत्रालय ने लंबी जांच के बाद चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर बनाने की अनुमति दे दी है। कर्वी में खुटरिया गांव की जमीन पर करीब 60 हेक्टेयर में विकसित होने वाले डिफेंस कॉरिडोर में ड्रोन से लेकर हेलीकॉप्टर तक और गोला बारूद से लेकर तोप तक बनेंगे। खास बात ये है कि डिफेंस इंडस्ट्री जिस क्षेत्र में लग रही है, वहां पर्यावरण संबंधी नुकसान न के बराबर होगा क्योंकि आसपास संरक्षित वन नहीं हैं। बुंदेलखंड के इस इलाके में डिफेंस कॉरिडोर की अनुमति से कम से कम 5000 करोड़ की इंडस्ट्री और एक लाख लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा। खास बात ये है कि इस क्षेत्र के दस किलोमीटर इलाके में कोई वन्यजीव अभयारण्य नहीं है। कोई प्रदूषित क्षेत्र नहीं है। इस नोड में सभी तरह के कैलिबर वाले हथियार बनेंगे। डिफेंस नोड का 33 फीसदी इलाका ग्रीन बेल्ट होगा। पूरा क्षेत्र धूल और धुएं से मुक्त होगा। इसके अलावा वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, ऊर्जा संरक्षण, शोर नियंत्रण, वायु प्रदूषण नियंत्रण और जल प्रदूषण नियंत्रण के हाईटेक संसाधनों से डिफेंस कारीडोर लैस होगा।


## सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से चार की मौत चंदौली

**चंदौली।** जिले के मुगलसराय क्षेत्र में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आकर चार लोगों की मौत हो गयी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुगलसराय क्षेत्र के कालीमहाल मुहल्ले में बुधवार रात भरतलाल जायसवाल नामक व्यक्ति अपने घर का सेप्टिक टैंक साफ करवा रहा था। इसी दौरान उसमें से निकली जहरीली गैस के सम्पर्क में आने से उसका बेटा अंकुर और तीन सफाईकर्मी कालीमहाल निवासी सफाईकर्मी विनोद रावत, कुंदन व लोहा बेहोश हो गये। उन्होंने बताया कि बेहोश हालत में चारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। तीनों सफाईकर्मी टैंक साफ करते वक्त जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गए थे।

## एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य को गोरखपुर से दबोचा

### विक्की लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर



■ गोरखपुर एसटीएफ व अंबाला एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई

एसटीएफ ने गुरुवार की शाम को चिलुआताल इलाके के बरगदवा में रामलीला मैदान के पास से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। गोरखपुर एसटीएफ व अंबाला एसटीएफ की संयुक्त टीम को यह सफलता प्राप्त हुई है। मनीष लॉरेंस बिश्नोई गैंग को असलहा सप्लाई करने का काम करता था। उसके खिलाफ हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद थाने में वर्ष 2023 में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज था। हरियाणा एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई गैंस से जुड़े सदस्यों की तलाश में मदद के लिए यूपी एसटीएफ से मदद मांगी थी। गोरखपुर एसटीएफ की टीम गैंग से जुड़े सदस्यों की तलाश में जुटी थी। इस बीच एसटीएफ को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य के गोरखपुर होने की सूचना मिली। गोरखपुर एसटीएफ और अंबाला एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे चिलुआताल इलाके के बरगदवा में रामलीला मैदान के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बरगदवा के रामलीला मैदान निवासी मनीष कुमार यादव पुत्र सदानंद यादव के रूप में हुई। वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग को असलहा सप्लाई करता था। लारेन्स बिश्नोई गैंग को असलहा सप्लाई करने के संबंध में वर्ष 2023 में हरियाणा के कुरूक्षेत्र के शाहाबाद थाने में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

### गोरखपुर के शशांक के जरिए लॉरेंस

*एसटीएफ की पूछताछ पर गिरफ्तार मनीष कुमार यादव ने बताया कि गोरखपुर के आदर्श नगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय के जरिये वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा। शशांक जब अंबाला जेल में बंद था, वहीं उसकी मुलाकात विक्की लाला से जेल में हुई थी। विक्की लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बन गया। शशांक के जरिये मनीष कुमार यादव भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ गया और ये लोग मध्य प्रदेश के इंदौर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग को असलहा सप्लाई करने लगे।*

## बरेली में नाबालिग लड़की का शव रेलवे पटरी से बरामद

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

भाषा ▶▶| बरेली (उप्र)

■ फरियाद सात महीने से उसे परेशान कर रहा था

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी इलाके की एक नाबालिग लड़की का शव रेलवे पटरी से बरामद हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की के परिवार के सदस्यों ने एक मुस्लिम युवक पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है ।

पुलिस ने बताया कि जिले के फतेहगंज पूर्वी की 15 साल की एक लड़की का क्षत-विक्षत शव उसके परिजनों ने बुधवार को रेलवे पटरी से बरामद किया। इस लड़की की मां ने पुलिस से शिकायत की है कि मोहल्ले का ही फरियाद (22) पिछले सात महीने से उसकी बेटी को परेशान कर रहा था और उसने एक महीने पहले उसे बताया था कि फरियाद ने उसे इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया है। प्राथमिकी में लड़की की मां ने आरोप लगाया, बुधवार को जब मेरी बेटी 12वीं कक्षा की सुधार परीक्षा के लिए फॉर्म भरने जा रही थी, तब फरियाद उसे जबरन मोटरसाइकिल पर ले गया, उसके साथ बलात्कार किया और चलती ट्रेन के आगे धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।/" शिकायत के आधार पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को फरियाद के खिलाफ भादंसं की धाराओं 302 (हत्या), 376 (बलात्कार), 363 (अपहरण), 506 (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ पास्को (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

## पेज एक का शेष

### आज अक्षय तृतीया...

आंखों में आंसू नजर आ जाते हैं। पंडित राजेश सेमवाल ने बताया कि शाम 5 बजे मां गंगा भैरवघाटी पहुंची। जहां रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 10 मई की सुबह 6 बजे भैरवघाटी से यात्रा चलेगी। इसके बाद 8:30 गंगोत्री धाम पहुंच जाएगी। इसके बाद पूजा अर्चना के साथ 12:25 बजे कपाट खुल जाएंगे। इसके साथ ही यात्रा शुरू हो जाएगी।

### केदारनाथ व...

812, बदरीनाथ धाम के लिए छह लाख 58 हजार 486 और हेमकुंड साहिब के लिए 45 हजार 959 पंजीकरण हो चुके हैं।

### रूस ने कहा- भारत...

साल नवंबर में आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया था। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत रूस और सऊदी अरब जैसी नीतियों को अपनाने की कोशिश कर रहा है। इस बारे में प्रतिक्रिया मांगे जाने पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हमारे पास जो जानकारी है।

उसके मुताबिक वाशिंगटन ने अभी तक जी एस पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है। साक्ष्यों के अभाव में इस विषय पर अटकलें लगाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत की राष्ट्रीय सोच एवं इतिहास की समझ नहीं है और वह भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में 'निराधार आरोप' लगाता रहता है। प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि वो आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है।

### वो न केवल भारत बल्कि...

को जटिल बनाने का आरोप लगाया। गौर हो कि 'वाशिंगटन पोस्ट' ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए पिछले साल अमेरिकी धरती पर पन्नू की हत्या की कथित साजिश में 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के एक अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने इन आरोपों को सिर से खारिज करते हुए कहा है कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर ''अनुचित और निराधार'' आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

### हत्या मामले में बरी दो आरोपियों को हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 41 साल पुराने (1983 में) हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को बरी करने के स्थानीय अदालत के एक फैसले को पलटते हुए आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की पीठ ने सरकार की अपील स्वीकार करते हुए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत आरोपी प्यारे सिंह और छोटकू को बरी करने के निर्णय को पलट दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने गोरखपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि दोनों आरोपी प्रतिवादियों को गिरफ्तार कर यहां सुनाई गई सजा काटने के लिए जेल भेजा जाए। पुलिस के मुताबिक, गंगा नाम के व्यक्ति की 22 सितंबर, 1978 को नृशंस हत्या कर दी गई थी।

### एलकेजी के छात्र की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिया आदेश

## उप्र : शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा

इसी दुकान का लाइसेंस 31 मार्च, 2025 को खत्म हो रहा

भाषा ▶▶| प्रयागराज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एलकेजी में पढ़ने वाले पांच वर्ष के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार के अधिकारियों को कानपुर में याचिकाकर्ता के स्कूल के नजदीक स्थित शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने का निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अथर्व दीक्षित ने कानपुर के आजाद नगर में देशी शराब की दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और 2024-25 के लिए लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता का स्कूल, शराब की दुकान से महज 30 मीटर की दूरी पर है। याचिकाकर्ता की दलील थी कि शराब की दुकान दिनभर खुली रहती है, जहां असामाजिक तत्व इकट्ठा होते हैं और स्कूल के बच्चों के लिए व्यवधान खड़ा करते हैं।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने दो मई के अपने निर्णय में प्रदेश के उत्पाद शुल्क अधिकारियों को उक्त दुकान के लाइसेंस का नवीनीकरण करने से दूर रहने को कहा। दुकान का लाइसेंस 31 मार्च, 2025 को खत्म हो रहा है। राज्य सरकार ने जनहित याचिका के जवाब में नियमों का हवाला राज्य सरकार ने जनहित याचिका के जवाब में नियमों का हवाला देते हुए कहा कि किसी सार्वजनिक पूजा स्थल, स्कूल, अस्पताल या रिहाइशी कॉलोनी से 50 मीटर दूरी पर दुकान खोलने का प्रावधान है लेकिन अगर दुकान खुलने के बाद ऐसे स्थान अस्तित्व में आते हैं तो ये नियम लागू नहीं होते। चूंकि यह दुकान पिछले 30 वर्ष से चल रही है और स्कूल की स्थापना 2019 में हुई इसलिए नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि अगर शराब की दुकान खुलने के बाद स्कूल स्थापित होता है तो चालू वित्त वर्ष में उस दुकान को बंद नहीं किया जाना चाहिए लेकिन दुकान का लाइसेंस खत्म होने पर कोई नया लाइसेंस नहीं दिया जाना चाहिए।

# देवास में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी शहर से दूर, ग्रामीण क्षेत्र में झोंक रखी ताकत




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मालवा अंचल की देवास लोकसभा सीट में भाजपा के महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राजेंद्र मालवीय के बीच मुकाबला हो रहा है। दोनों बलाई समाज से हैं। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी शहरी क्षेत्रों में कम ध्यान दे रहे हैं। दोनों का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। कांग्रेस के मालवीय तो प्रचार के लिए देवास शहर में आए ही नहीं। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी प्रचार करते नजर नहीं आए। भाजपा की ओर से नेता और कार्यकर्ता तो घूम रहे हैं लेकिन प्रत्याशी सोलंकी उनके साथ दिखाई नहीं पड़ते। इनका फोकस भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही ज्यादा है। बताते हैं कि भाजपा ने मान लिया है कि शहर का वोट तो उसका ही है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में फोकस है। दूसरी तरफ कांग्रेस शहरों में इसलिए ध्यान नहीं दे रही क्योंकि यहां से उसे ज्यादा उम्मीद नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस का फोकस मुस्लिम और बलाई समाज पर ज्यादा है। इनसे पार्टी को ज्यादा उम्मीद है।

## कांग्रेस के लिए गुर्जरों को साधने आए सचिन पायलट

### प्रचार के लिए नहीं आया भाजपा का कोई बड़ा

### देवास से परहेज कर रहे दोनों दलों के बड़े नेता





देवास सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इस लिहाज से प्रचार अभियान अंतिम चरण में है। बावजूद इसके भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने देवास क्षेत्र से दूरी बना कर रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा का एक भी नेता अब तक देवास में सभा लेने या रोड शो करने नहीं आया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज ही एक दौरा कर गए हैं। कांग्रेस के भी शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे में से कोई नहीं आया। एक दिन सचिन पायलट जरूर आए और सोनकच्छ में सभा ले कर चले गए। पायलट को गुर्जर समाज के मतदाताओं को साधने के लिए बुलाया गया था।

## पूर्व विधायक कुणाल, विपिन ने क्षेत्र में दिया कम समय

### कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी और वानखेड़े ने क्षेत्र में दिया कम समय

*कांग्रेस के दो पूर्व विधायक कुणाल चौधरी और विपिन वानखेड़े की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इन्होंने देवास के अपने विधानसभा क्षेत्रों में वैसा समय नहीं दिया जैसा देना चाहिए। इनकी रुचि प्रदेश का दौरा करने में ज्यादा रही। जबकि लोकसभा चुनाव में अपने विधान सभा क्षेत्रों में जीत दिला कर ये ताकत का अहसास करा सकते थे। जबकि कुणाल युकां और वानखेड़े भाराछासं के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जरूर अपनी पूरी टीम के साथ प्रचार में जुटे हैं। हालांकि उनकी स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ज्यादा पटरी नहीं बैठती। दूसरी तरफ भाजपा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से विकास को लेकर नाराजगी है। उन्होंने देवास क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के लिए देवास के लोगों को इंदौर की ओर देखना पड़ता है। एयरपोर्ट भी इंदौर में ही है। बावजूद इसके चूंकि सोलंकी अपनी छवि कट्टर हिंदू नेता की बना कर रखते हैं। मुस्लिमों को अपने मंच तक में पसंद नहीं करते। मुस्लिम पत्रकारों को भी इंटरटेन नहीं करते। इस कारण भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता उनका काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद तो लोग हैं ही।*

## ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर

देवास लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली सभी 8 सीटों में भाजपा का कब्जा है। देवास सीट तीन जिलों को छूती है। ये जिले देवास के अलावा शाजापुर और सीहोर हैं। शाजापुर जिले की सबसे ज्यादा 4 विधानसभा सीटें आगर, शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल देवास क्षेत्र में हैं। सीहोर जिले की एक सीट आष्टा इसमें शामिल है। इसके अलावा देवास जिले की तीन विधानसभा सीटें सोनकच्छ, हाटपिपल्या और देवास इस लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो आमतौर पर यहां भाजपा ही जीतती है। इससे क्षेत्र में भाजपा के दबदबे का पता चलता है। 2009 में एक ही बार कांग्रेस के सज्जन वर्मा जीते हैं, वर्ना लगातार भाजपा का कब्जा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता बलाई समाज के हैं। इसे ध्यान में रखकर ही भाजपा-कांग्रेस ने इसी समाज के प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। दूसरे नंबर पर खाती और तीसरे नंबर पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या बताई गई है। ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर है, जबकि खाती समाज बंटा नजर आ रहा है।

## इंदौर की तुलना में देवास की उपेक्षा बना मुद्दा

*प्रारंभ से देवास में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। अयोध्या में राम मंदिर का प्रचार हो रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्य गिनाए जा रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार कर रही है। कांग्रेस बता रही है कि विकास के मामले में इंदौर और दूसरे शहरों की तुलना में किस तरह देवास को उपेक्षित कर रखा गया है। हालांकि अब प्रचार अभियान पटरी से उतरता नजर आ रहा है। एक-दूसरे पर स्तरहीन और बे-सिर-पैर के आरोप लगाए जा रहे हैं। भाजपा- कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता ऐसे आरोप लगा रहे हैं, जो लोगों के सिर के ऊपर से निकल रहे हैं। नेताओं के इस रवैए के कारण युवाओं और महिलाओं ने मतदान के प्रति बेरुखी दिखाई थी। देवास में भाजपा प्रत्याशी सोलंकी की कट्टर हिंदू नेता की छवि के कारण हिंदू-मुस्लिम के बीच ध्रुवीकरण के हालात बन रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा: डॉ. महेन्द्र

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को मंदसौर व नीमच जिले के जनप्रतिनिधियों की बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षा में जन हितैषी योजनाओं से सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है और सरकार के पक्ष में देश में ऐतिहासिक वातावरण बना है। जनता के इस विश्वास को पोलिंग बूथ तक ले जाकर मत के रूप में परिवर्तित करवाना ही हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

### भाजपा ने महिलाओं को सशक्त किया: अलका

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बुधवार को रतलाम लोकसभा क्षेत्र के सैलाना स्थित ओसीन परिसर में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक कार्य किए हैं। घर-घर में नल का कनेक्शन और मुद्रा लोन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य कर रहे हैं।

### छग व्यापमं की प्रवेश और पात्रता परीक्षाओं के तारीख में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश और पात्रता परिक्षाओं की परीक्षा तिथियों में एक बार संशोधन किया है। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अन्य केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं की तिथि घोषित होने के परिणाम स्वरूप पीएटी और पीव्हीपीटी, बीएससी कृषि, बीएससी उद्यानिकी, पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षाएं अब 9 जून को होगी।

## शर्मा ने नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा में किया कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस के घोषणा-पत्र में विरासत टैक्स*

# जनता की संपत्ति पर कांग्रेस को डालने नहीं दिया जाएगा डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा जिले के खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की पूरी राशि हितग्राहियों के खातों में आती है, एक रुपया भी दलालों या बिचैलियों के पास नहीं जाता।

देश में कहीं आतंकवादी घटनाएं नहीं होतीं और सारी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस को देश की जनता की संपत्ति पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। देश को आतंकवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है।




### कांग्रेस भी मान रही है भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी कह रहे हैं कि चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। इसका मतलब पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी मान रही है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स है, वहीं हमारे संकल्प-पत्र में गरीबों का कल्याण, देश का विकास, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का पूरा खाका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देशभर के लोगों में अटूट विश्वास है।*

### देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें। इस चुनाव में ऐसी ताकतें भी सक्रिय हैं, जो देश को तोड़ना चाहती हैं, बदनाम करना चाहती हैं, तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहती हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की मानसिकता को भारत में ला रही है और कह रही है कि पुरखों की संपति, दादी-नानी के गहनों में से सिर्फ 25 प्रतिशत आपका, बाकी सरकार का। क्या हमारी माता-बहनें अपने गहनों पर डाका डालने देंगी? कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। कांग्रेस ने कई जगहों से मैदान छोड़ दिया है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के कारण रोज खत्म हो रही है।*

### कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष खण्डवा में कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष इन्दू पंवार, सुमिन्दर सिंह होरा, चरणजीत सिंह, सिमरत सिंह बग्गा एवं नेपानगर में सम्मेलन के दौरान कांग्रेस के नेपानगर के पूर्व नगर अध्यक्ष हेमन्त सिद्धवानी, महिला मंगला पाटील, एड. सुनिल सोनवने, दरयाव पटेल, इमरीक साइमन सहित 30 अधिक कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

### कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और जीतू समापन की ओर बढ़ रहे

कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस के समापन की ओर बढ़ रहे हैं। जीतू पटवारी ने नोटा को वोट देने की अपील करके यह स्वीकार कर लिया है कि मध्यप्रदेश सहित देशभर की जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह से उठ चुका है। मध्यप्रदेश और देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी को वोट नहीं देने वाली, इसलिए वे नोटा का बटन दबाने की बात कह रहे हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि खजुराहो और इंदौर सहित देश की कई सीटों पर अपने प्रत्याशी तक खड़ा नहीं कर पाने वाली कांग्रेस पार्टी समाप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। जीतू पटवारी का बयान मध्यप्रदेश की साढे 8 करोड़ की जनता का अपमान है।

### पित्रोदा का बयान भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता पर हमला

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मप्र सहित देश के कांग्रेस नेतृत्व में घोर निराशा व हताशा का माहौल बना हुआ है। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा जो बयान दे रहे हैं, वह भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर हमला है। मध्यप्रदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इंदौर में नोटा को वोट देने की अपील कर भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते है।*

### कांग्रेस का सिक्का खोटा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने क्रियाकलापों के कारण देश में समाप्त हो रही है। नोटा को वोट देने की अपील लोकतंत्र को कमजोर करना है। कांग्रेस का सिक्का खोटा है, कांग्रेस उम्मीदवार नहीं दे पाई, इसलिए वह नोटा को मतदान करने की अपील कर रही है।

### धूनी वाले दादा की पूजा-अर्चना की

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को खंडवा में धूनी वाले दादा धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा भी साथ रहे।*

*दरभा थाना क्षेत्र के कापानार के पास हुआ हादसा*

# तेज रफ्तार बोलेरो खाई में पलटी, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दरभा थाना क्षेत्र के कापानार के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो पलट गई। बोलरो के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

ग्रामीण आयतु मंडावी ने बताया कि बुधवार को लगभग 8.30 बजे घर के मंगल मंडावी, मुडे मंडावी, बुधराम मंडावी, मासे, बुधरी, मंगली, सुकडी और पिता गुड्डी व अन्य लोगों के साथ बोलेरो में बैठकर मरनी काम के लिए ग्राम चंद्रगिरि से कापानार जा रहे थे।

### चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज

बोलेरो की रफ्तार तेज होने के कारण वह अनियंत्रित हो गई और खाई में पलट गई। इस दौरान बोलेरो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी दरभा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान गुड्डी मंडावी की मौत हो गई। वहीं, अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मृतक गुड्डी मंडावी के बेटे आयतु ने चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## ट्रक की टक्कर से कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के 5वीं बटालियन में अपने पिता के साथ रहने वाला युवक गुरुवार की सुबह जब घर से अपने ऑफिस जाने के लिए निकला था, तभी अचानक जगदलपुर से केशलूर की ओर आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल युवक को उपचार ले लिए मेकाज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही घर में मातम छा गया। वहीं, परिजनों के रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

परपा पुलिस ने बताया कि 5वीं बटालियन क्वार्टर नंबर आर4 में रहने वाला खेमसिंह पटेल (37) पुत्र लोकनाथ पटेल कुम्हारपारा वन विभाग कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह स्कूटी लेकर कुम्हारपारा स्थित वन विभाग कार्यालय जा रहा था, तभी मारुति सुजुकी शोरूम के सामने जगदलपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई, जिसे आसपास के लोगों ने बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया। लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं, शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप देने की बात कही।

*किसानों की फसलों को भी किया बर्बाद*

# तेंदुपत्ता तोड़ने गए बुजुर्ग ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र के भलमुडी गांव निवासी सुबरन राठिया पुत्र बुद्धुराम राठिया बुधवार की सुबह तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गया हुआ था। जहां से रात तक वापस घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह जब गांव के लोग उसे खोजते हुए जंगल की ओर पहुंचे, तब उन्हें सुबरन की लाश मिली।

ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुपत्ता तोड़ने के दौरान सुबरन का छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में हाथी से सामना हो गया। इसके बाद हाथी ने कुचलकर सुबरन को मौत के घाट उतार दिया।



घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग गर्मी के दिनों में कुछ पैसे कमाने के लिए हाथी प्रभावित जंगलों में हाथी की मौजूदगी की जानकारी होने के बावजूद तेंदुपत्ता तोड़ने जाते हैं।

### आठ किसानों की फसल को नुकसान

*धरमजयगढ़ वन मंडल में अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात नौ किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छाल के हाटी, खर्रा, कीदा पुरूंगा, गेरवानी में पांच किसानों की धान की फसल, बनहर में एक किसान की धान की फसल, खडगांव में एक किसान की धान की फसल के अलावा बरतापाली में एक किसान की धान की फसल शामिल है।वन विभाग के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में 127 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं।*

*छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी किए*

# बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों ने मारी बाजी, 12वीं में 80.74 और 10वीं का 75.64 प्रतिशत रहा रिजल्ट

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में सराईपाली की महक अग्रवाल को 97.40 प्रतिशत अंक मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकंडरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप -10 में कुल 59 विद्यार्थी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में 20 विद्यार्थी हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा जिला गरियाबंद की होनिशा ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट




लिस्ट में इवास वूडलैंड अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल सराईपाली जिला की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरु घासीदास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला बलौदा-बाजार की कोपल अम्बष्ट ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

### 2 लाख 57 हजार 72 छात्र उत्तीर्ण

माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुये जो परीक्षार्थी असफल हुए हैं, वे निराश न हो। दोबारा अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में शामिल हो, सफलता जरूर मिलेगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 3 लाख 45 हजार 686 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3 लाख 40 हजार 220 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3 लाख 39 हजार 994 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 57 हजार 072 है। इस प्रकार 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12 रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी में 1 लाख 17 हजार 519 (34.56 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 23 हजार 386 (36.29 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में 16 हजार 165 (4.75 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पास श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 19 हजार 012 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। विभिन्न कारणों से 226 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गए हैं, जिनमें 15 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं तथा 205 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किए गए हैं तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है।



## दूसरे दिन भी ईओडब्ल्यू और एसीबी की कार्रवाई जारी, सौरभ चंद्राकर के घर भी पहुंची टीम

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव के बाद लगातार दूसरे दिन भी ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम की छापेमारी जारी है। गुरुवार अलसुबह सर्राफा व्यापारी सुनील जैन के दुर्ग श्री शिवम मॉल स्थित सहेली ज्वेलर्स व राजेंद्र जैन के सुपेला स्थित सहेली ज्वेलर्स के साथ प्रकाश सांखला के सुपेला स्थित सांखला ज्वेलर्स और उसके भाई शेषमल सांखला के महावीर कॉलोनी स्थित निवासी और महादेव ऑनलाइन सट्टा के संचालक सौरभ चंद्राकर के चाचा दिलीप चंद्राकर के सूर्या विहार के मकान पर ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम पहुंची। सभी जगहों पर टीम की जांच जारी है। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े मामलों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने दुर्ग के सहेली ज्वेलर्स और अलंकार ज्वेलर्स पर भी दबिश दी है। बताया जा रहा है कि चार गाड़ियों में डीएसपी स्तर के अधिकारी समेत 12 से अधिक अधिकारियों की टीम यहां पहुंची और छानबीन की जा रही है।

## चिंतन

# शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट स्थायी नहीं

शेयर बाजार एक ऐसा मंच है जहां वित्तीय समर्थक, दलाल और संगठन सार्वजनिक निगमों के कुछ हिस्सों का व्यापार कर सकते हैं। शेयर बाजार व्यवसायों को पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है और निवेशकों को उन व्यवसायों में निवेश करने का मौका देता है और संभवतः उनके पैसे पर संभावित रिटर्न प्राप्त करता है। शेयर बाज़ार वैसे ही अर्थव्यवस्था की सामान्य भलाई का संकेत है, क्योंकि बाज़ार में उतार-चढ़ाव मौद्रिक परिस्थितियों और निवेशक भावनाओं में बदलाव को प्रतिबिंबित कर सकता है, लेकिन बाजार हर छोटी और बड़ी घटना से प्रभावित होना जोखिम भरा भी होता है। विश्व स्तर के ऐसे अनेक कारक हैं जो बाजार को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसकी चाल भी तय करते हैं। भारतीय शेयर बाजार केंद्रीय बजट, कमोडिटी की कीमतों-इनपुट लागत, सोने की कीमतों और बॉन्ड से भी प्रभावित होता है। ऐसा ही आजकल हो रहा है। बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह क्रम बीते पांच दिनों से चल रहा है। गुरुवार को सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा टूटकर 72,616 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक गिरकर 22,022 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट की बड़ी वजह विदेशी निवेशकों और अन्य निवेशकों की बड़ी मुनाफावसूली मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि विदेशी निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। मई 2024 में गुरुवार तक कैश सेगमेंट से एफआईआई 15863 करोड़ रुपये बेच चुके हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई 5,292 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में कुछ यूएस फेड अधिकारियों की हॉकिश बातों ने भारतीय शेयरों पर अतिरिक्त दबाव डाला है। इस महीने की शुरुआत में कुछ मुनाफावसूली देखने के बाद इस तरह के बयानों की वजह से अमेरिकी डॉलर में तेजी देखने को मिली है, जिसकी वजह से यूएस ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे भारतीय शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। जो लगातार बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसी वजह से शेयर बाजार में समय से पहले मुनाफावसूली शुरू हो गई है। ये बिकवाली केवल फ्रंटलाइन लार्ज-कैप शेयरों में ही दिखाई दे रही है। बिकवाली का एक बड़ा कारण यह भी है कि वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही के नतीजे जिस तरीके के आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिले हैं। इसका असर भी शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भारत तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन बाजार निवेशकों को उम्मीद थी कि चौथी तिमाही के नतीजे और बेहतर आने चाहिए थे। जो न आ पाने के कारण बाजार पस्त हो रहा है। वैसे भी अब तिमाही नतीजों का मौसम खत्म होने वाला है। उससे पहले निवेशकों की ओर मुनाफा वसूली की जा रही है। जिससे बाजार गिर रहा है, लेकिन यह तय है कि ये गिरावट स्थायी नहीं है। स्थायी होने का कोई कारण भी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाजार फिर तेजी की ओर लौटेगा।

# राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार



आम चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

> आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। ऐसे में संकीर्ण दायरों से बाहर आना ही होगा। उम्मीद की जानी चाहिए राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों व आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन का याद आना लाजिमी है, जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। यह उपदेश तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश की नई सरकार चुनने का अवसर हो। एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को यह अवसर मिलता है कि वह निवर्तमान सरकार के कार्यों, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच के खूब सोच-समझ कर अपना मत दे। तमाम तरह के सर्वे यह समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों में चुनाव देश की गम्भीर समस्याओं और विकास के मुद्दे पर लड़े व जीते जाते हैं, ऐसे में भारत के इस आम चुनाव में वे मुद्दे ज्यादा हावी हैं जो राष्ट्र निर्माण की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ साधने वाले अधिक लगते हैं। व्यक्तिगत हित साधन के मुद्दे राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए मददगार नहीं हैं। शायद हम भारतवासी बार-बार भूल करते रहे हैं कि केंद्र या राज्यों में कैसी भी सरकार हो, शासन उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप होना ही चाहिए। इस भूल ने भारत को विकास की दौड़ में दुनिया के तमाम देशों से बहुत पीछे कर दिया। हम मतदाता अपने नागरिक कर्तव्यों को बेहतर सोच व परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं।

ताजा सर्वेक्षण इस बात की तसदीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की अपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी को अधिक तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखते। बेहतर शासन की कवायदों की जगह आरक्षण और संविधान बचाने का सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा भा रहा है। यदि ऐसा है तो यह भारत जैसे देश के लिए चिंता की बात ही मानी जाएगी, क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है और न संविधान ही बदला जाएगा। इसका एनडीए के घोषणा पत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की माने तो यह भी हो सकता है कि, लोग केंद्र और राज्य सरकार को चुनते हुए कुछ उनके निहित स्वार्थ उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। यह भारत जैसे बहुसंस्कृतियों और मजहब वाले देश के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्रेक भारत में खास अवसरों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम का कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है हर बार आम चुनाव में यह देखा गया है कि चुनाव जीतने के लिए वे मुद्दे जो



व्यक्ति केंद्रित, तुष्टिकरण या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के मद्देनजर कर्जमाफी, आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ या गरीबी हटाओ जैसे मुद्दे उछाले जाते रहे।

व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हित साधन और महज आत्म-केंद्रित स्वार्थों की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक व सामाजिक हित साधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र व सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। यदि आजादी के 76 साल बाद भी बेरोजगारी, महंगाई ही लोगों के लिए सबसे बड़ी देश की समस्याएं हैं तो यह उसी व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण का परिणाम है जिससे देश में तमाम तरह की समस्याएं पैदा होती रही हैं। इस चुनाव में देश संबंधी संकल्पनाओं और सर्वजन हिताय व सर्व जन सुखाय को राष्ट्र निर्माण के आधार के रूप में कुछ दलों के घोषणा पत्रों में चर्चा तो की गई है, लेकिन यह चुनाव में प्रमुख मुद्दे के रूप में चर्चित नहीं हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि तमाम गुलामी के प्रतीकों और संस्थाओं के विरुद्ध राष्ट्रहित में कोई बुलंद आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उसकी जगह एक दूसरे पर कीचड़ उछाल प्रतियोगिता देखने को जरूर मिल रही है। इससे किसका हित साधन होगा, कहने की जरूरत नही है। नई पीढ़ी जो 21वीं सदी के शुरुआत में पैदा हुई वह जवान हो चुकी है। उसके सामने राष्ट्र निर्माण और सर्व समाजहित की बात सोचने वाले बेदाग चरित्र नायकों का अभाव दिख रहा है। यदि भ्रष्टाचार शिष्टाचार कहा जाने लगा है और जनता इसके खिलाफ उठ खड़ी नहीं हो रही है तो यह भारतीय समाज व देश के लिए चिंता की बात ही कही जाएगी। व्यक्ति व समाज निर्माण में रोड़ा समझे जाने वाले नकारात्मक शब्दों और लोगों को यदि महिमामंडित करने की होड़ लगी हो तो, भला राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य के लिए माहौल कैसे बनाया जा सकता है? मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती है। दूसरी तरफ मीडिया के अर्थ केंद्रित होने से मौजूदा राजनीति का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। दाग को बार-बार दिखाने से आंखें दाग देखने की अभ्यस्त हो जाती हैं। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बहुत बड़ी तादाद आज भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दागियों के प्रति जनता में कोई आक्रोश नहीं उभरता।

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना ही होगा जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट बने हुए हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना ही होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए देश के सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

(लेखक चिंतक और समाजकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



बैजनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है और यहां भगवान शिव को 'उपचार के देवता' के रूप में पूजा जाता है। बैजनाथ या वैद्यनाथ महान भगवान शिव के अवतार हैं, और इस अवतार में, महान भगवान अपने भक्तों को सभी दुखों और पीड़ाओं से मुक्त करते हैं।

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## परशुराम जयंती
श्वेता गोयल



# कालांतर तक अमर हैं परशुराम

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को है। भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भार्गव वंश में सप्तऋषि में से एक ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। मान्यता है कि परशुराम के जन्म के पूर्व रेणुका तीर्थ पर जमदग्नि और रेणुका ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि स्वयं भगवान विष्णु रेणुका के गर्भ से जमदग्नि के पांचवें पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेंगे। भगवान परशुराम को भगवान शिव और विष्णु का संयुक्त अवतार माना जाता है और मान्यता है कि उन्होंने भगवान विष्णु से पालनहार के गुण और दुष्टों का संहार करने के लिए भगवान शिव से युद्ध कला में निपुणता हासिल की। बगैर किसी अस्त्र के ही उन्होंने बहुत सारे असुरों का नाश किया। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में है। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का विनाश किया। उनकी दानशीलता ऐसी थी कि एक बार उन्होंने समस्त पृथ्वी ही ऋषि कश्यप को दान कर दी थी। उनके शिष्य बनने का लाभ दानवीर कर्ण ही ले पाए थे, जिसे उन्होंने ब्रह्मास्त्र की दीक्षा दी थी। धर्मग्रंथों के अनुसार पृथ्वी पर रहने वालों में परशुराम और रावण के पुत्र इंद्रजीत को ही सबसे खतरनाक, अद्वितीय और शक्तिशाली अस्त्र, ब्रह्मांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्राप्त थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं, इसीलिए परशुराम को भगवान विष्णु और भगवान राम दोनों के समान शक्तिशाली माना गया है। भगवान परशुराम क्रोध के पर्याय रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। माता-पिता के प्रति परशुराम का समर्पण ऐसा था कि वे उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए कुछ भी कर सकते थे। एक बार उनकी माता रेणुका पानी भरने नदी किनारे गई, लेकिन कुछ देवताओं के आने के कारण उन्हें आश्रम लौटने में विलंब हो गया। ऋषि जमदग्नि ने अपनी शक्ति से इसका कारण जान लिया और रेणुका के आने पर अत्यधिक क्रोधावस्था में अपने पांचों पुत्रों को बुलाकर उन्हें अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर चारों भाईयों ने माता के प्रति प्रेमभाव व्यक्त करते हुए पितृ आज्ञा मानने से इन्कार कर दिया। क्रोधित जमदग्नि ने चारों को पत्थर बनने का श्राप दे दिया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके चरणों में सिर झुकाकर अपने अस्त्र फरसे से तुरंत माता रेणुका का वध कर दिया। इस पर जमदग्नि उनसे खुश हुए और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। परशुराम ने माता रेणुका सहित चारों भाईयों को पुनः जीवित करने का वरदान मांगा और जमदग्नि ने सभी को नवजीवन प्रदान किया। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थापित परशुराम कुंड के संबंध में मान्यता है कि परशुराम ने अपनी माता का वध करने के बाद इस कुंड में स्नान कर अपने पाप का प्रायश्चित किया था। हिंदू पुराणों के अनुसार परशुराम को कलियुग में ऋषि के रूप में पूजा जाता है और उन्हें आंठवें मानवतारा के रूप में सप्तऋषि के रूप में गिना जाता है। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, मार्कन्डेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है, जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अक्षय तृतीया

कराड में गुरुवार को अक्षय तृतीया उत्सव की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने बाइक रैली निकाली।



## आज की पाती

### रेडक्रास का सर्वकालिक महत्त्व

दुनिया में मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानवता को दर्शाते दुनिया में बहुत से दिवस मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है विश्व रेडक्रॉस दिवस। यह हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इस बार इस दिवस का थीम है 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है'। इस थीम से ही साबित हो रहा है कि यह संस्था निस्वार्थ भाव से काम कर रही है, दूसरों की मदद करके जो खुशी हासिल होती है, वो ही सच्चा इनाम होता है।इतिहासकार बताते हैं कि इस दिवस के मनाने का मुख्य कारण हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर उनको याद करना है। वर्ष 1859 में सोल्फेरिनो युद्ध में हजारों सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और हजारों घायल भी हुए थे। इन घायल सैनिकों की हालत देखकर हेनरी ड्यूनेंट का हृदय विचलित हुआ तो उन्होंने इन सैनिकों की मदद की थी। *–रवि प्रकाश शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### जलवायु संबंधी खतरे देखे



डब्लूएमओ रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में रिकॉर्ड जलवायु संबंधी खतरे देखे गए। खतरनाक मौसम और जलवायु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्लाइमेट एक्शन की तत्काल आवश्यकता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व पर एक और रिपोर्ट।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### आध्यात्मिक रहें



आध्यात्मिक विद्या सब प्रकार की विद्याओं में श्रेष्ठ है। आध्यात्मिक बल विषम परिस्थितियों में सहायक है। अध्यात्म हमारे स्वभाव की यात्रा है, जिसका फलादेश है-अज्ञान जनित विकारों से मुक्ति। अतः जीवन की दिव्यता के उदय हेतु आध्यात्मिक रहें।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी



बीजेपी का नेता आदिवासी युवक के सिर पेशाब करता है। गुजरात में गेंद छूने पर दलित बच्चे का अंगूठा काट लिया गया। बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों से नफ़रत करती है। बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# भारत की तीस्ता परियोजना में सहयोग की पेशकश



बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में सीमा पार तीस्ता नदी पर एक जलाशय के निर्माण के लिए सहयोग देने की पेशकश की है। बांग्लादेश के दौरे पर आए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और हसन से मुलाकात की, जिसके बाद बांग्लादेशी मंत्री ने यह जानकारी दी। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है और मुख्य रूप से इसी कारण बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन ने इस परियोजना का समर्थन करने की तुरंत इच्छा जताई। क्वात्रा बुधवार शाम ढाका पहुंचे। महमूद ने क्वात्रा से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि हमने तीस्ता से जुड़ी एक बड़ी परियोजना शुरू की है। भारत उसका वित्त-पोषण करना चाहता है। हमने कहा कि परियोजना हमारी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, इसे हमारी जरूरतों को पूरा करना होगा।' बहरहाल, मंत्री ने भारत के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बांग्लादेश ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता पर जलाशय बनाने के चीनी प्रस्ताव से जुड़ी 'भू-राजनीति' पर गौर करेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन बन रहा अत्यधिक बारिश का कारण



अभूतपूर्व बाढ़ के बारे में मीडिया लेखों में, आप अक्सर यह कथन सुनेंगे कि प्रत्येक 1° सेल्सियस वार्मिंग बढ़ने पर, वातावरण लगभग 7% अधिक नमी धारण कर सकता है। यह आंकड़ा फ्रांसीसी इंजीनियर साडी कार्नोट द्वारा किए गए शोध से आया है और 200 साल पहले इसी साल प्रकाशित हुआ था। अब हम जानते हैं कि कहानी में और भी बहुत कुछ है। हाँ, अधिक गर्म वातावरण में अधिक नमी धारण करने की क्षमता होती है। लेकिन बारिश की बूंदें बनाने के लिए जलवाष्प के संघनन से गर्मी निकलती है। यह, बदले में, गरज के साथ मजबूत संवहन को बढ़ावा दे सकता है, जो बाद में काफी अधिक बारिश कर सकता है। इसका मतलब यह है कि अत्यधिक वर्षा की तीव्रता प्रति डिग्री वार्मिंग से 7% से अधिक बढ़ सकती है। हम जो देख रहे हैं वह यह है कि गरज के साथ बौछारें उस दर से लगभग दोगुनी या तिगुनी हो सकती हैं – वार्मिंग की प्रत्येक डिग्री के लिए लगभग 14–21% अधिक बारिश। तूफान दुनिया भर में अत्यधिक बाढ़ का एक प्रमुख कारण है, जो ब्राजील की विनाशकारी बाढ़ में योगदान देता है, जिसने सैकड़ों शहरों को जलमग्न कर दिया और दुबई के हवाई अड्डे और सड़कों पर पानी भर गया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






# यह चुनाव विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला



# 'भारतीय गारंटी' और 'चीनी गारंटी' समझें , यहां शरीयत नहीं चलेगी

शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है, और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

### तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चला रहे

शाह ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तेलंगाना को शरिया और कानून पर चलाना चाहते हैं। शाह ने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टिकरण की तिकड़ी बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं। ये लोग 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।

## तेलंगाना में गृहमंत्री शाह की ललकार

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहे। भुवनगिरि (भोंगीर) में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का चुनाव है।

यह चुनाव राहुल की चाइनीज गारंटी के खिलाफ मोदी जी की भारतीय गारंटी का है।शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

### कांग्रेस को तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे, रेवंत तो बने एटीएम

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि उसे उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस तेलंगाना में विकास सुनिश्चित करने के वादे के साथ सत्ता में आई, लेकिन उसने केवल भ्रष्टाचार किया। आपने रेवंत रेड्डी को 5 साल दिए और उन्होंने तेलंगाना को कांग्रेस पार्टी के लिए 'एटीएम' में बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। हम इसे भारत का नंबर वन राज्य बना देंगे।

चित्रकूट में भाजपाध्यक्ष नड्डा की विपक्ष को खरी-खरी

## भाजपा भ्रष्टाचारियों को 'मिटा' रही ऐसे लोग या तो जेल में हैं या बेल में

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चित्रकूट में कांग्रेस सपा बसपा पर जमकर हमले किए। कहा



कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर वर्ष 2014 से पहले की सरकारों के तमाम घोटालों की लंबी लिस्ट बताई और कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों को मिटाने के लिए काम कर रही है।आज ऐसे लोग या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। उन्होंने कांग्रेस की नक्सलवाद पर टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत दवा के निर्यात के मामले में दूसरे नंबर पर है। 25 करोड़ लोग गरीबों की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। भारत अब पिछलग्गू देश नहीं है। आर्थिक स्थिति में 11वें नंबर से 5वें नंबर पर है।

### 10 साल से केवल विकासवाद की राजनीति हो रही

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप लोगों ने यहां से प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को फिर से एक बार सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे। मैं यहां महाराणा प्रताप जी जैसी महान आत्मा को भी मैं नमन करता हूं। 10 साल पहले राजनीति में क्या होता था जातिवाद, परिवारवाद और वोट बैंक की राजनीति। मोदी ने 10 साल में सिर्फ विकासवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया।



झारखंड में सीतारमण का बड़ा हमला

### यहां हर सिग्नेचर के लिए वसूली! दीवार से पाताल तक मिल रहा कैश

रांची। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रांची में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में इस कदर भ्रष्टाचार है कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। ये हालात बदलना चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए।'पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन' विषय पर संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तब लगा था कि इसे जंगल राज से मुक्ति मिलेगी, लेकिन दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया।

काशी में होगा पीएम मोदी का भव्य रोड शो

### 251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक करेंगे अभिवादन

251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का आकर्षण होंगे। गोदौलिया चौराहे से विश्वनाथ धाम तक डमरुओं के निनाद और शंख वादन से पीएम का भव्य स्वागत होगा। मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक नजर आएगी।13 मई को मालवीय प्रतिमा से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक रोडशो को भव्य बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रोड शो मार्ग पर बनाए गए 11 बीट प्रमुखों और रोड शो की व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की।

राहुल का पीएम पर हमला

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पीएम पर हमला बोलते हुए दावा किया कि 4जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। 4-5 दिन में कुछ न कुछ ड्रामा होगा, लेकिन भटकना नहीं है और अपने मुद्दों पर डटे रहना है। राहुल ने सोशल साइट्स एक्स पर वीडियो ट्वीट कर कहा कि इडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे।

प्रियंका ने लोगों से कहा

### राशन देने से नहीं बनेंगे आत्मनिर्भर



रायबरेली। गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी ने कहा कि 5 किलो राशन से भविष्य नहीं बनेगा। इससे आप आत्मनिर्भर नहीं बन सकते हैं। अगर मैं आपसे पूछूं कि आप रोजगार और 5 किलो राशन के बीच क्या चुनेंगे? तो आप साफ तौर पर रोजगार को ही तवज्जो देंगे। यह समझने की जरूरत है कि जो राजनीतिक दल इस तरह की नीति बनाएगा जिससे आप निर्भर रहेंगे लेकिन आप आत्मनिर्भर नहीं हो सकते। आप अपने पैरों पर नहीं खड़े हो सकते तो उसकी नीति ठीक नहीं है।

राणा के बयान पर बोले ओवैसी


### मैं मोदीजी से कहता हूं उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए



हैदराबाद। देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी बीच, भाजपा की नेता नवनीत रवि राणा के '15 सेकंड' वाले एक बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राणा के बयान पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए, हम भी तो देखें कि क्या करेंगे? पिछले दिनों भजापा के समर्थन में राणा ने ऐसा बयान दिया था।

चुनाव के बीच आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का पहाड़

### पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से कैश बरामद



गरिकापाडु। आंध्र प्रदेश में चुनाव से पहले पुलिस ने एनटीआर जिले में एक अंतरराज्यीय जांच चौकी पर बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। चौकी पर एक पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक को जैसे ही पुलिस ने रोककर जांच की, तो उसके होश उड़ गए। पाइप के साथ उसे 8.36 करोड़ कैश मिला। पुलिस के मुताबिक, चित्तूर जिले का ट्रक शेख अजीज नाम के व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक सीएच शनमुगन और क्लीनर, पी शेखर रेड्डी से पूछताछ कर रही है।

### अब दिल्ली में ही वोट दे सकेंगे विस्थापित कश्मीरी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कश्मीर में विस्थापित वोटर्स के लिए चार खास पोलिंग बूथ तैयार किए हैं। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव की प्रक्रिया से कोई भी अछूता न रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए विस्थापित कश्मीरियों के लिए इन बूथ को तैयार किया गया। अनंतनाग में 25 मई को मतदान होना है, जबकि श्रीनगर में 13 मई को मतदान होगा और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा। घाटी में मतदान के लिए चुनाव आयोग खास तैयारी कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### सांवलिया सेठ के भंडारे से निकला बड़ा 'खजाना'

मेवाड़। यहां के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार से एक बार फिर करोड़ों रुपए निकले हैं। हर महीने यहां भंडारा खोला जाता है, जिसमें भक्तों का चढ़ावा करोड़ों में मिलता है। इस बार 2 दिनी मासिक मेले के पहले दिन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भंडारा खोला गया। पहले दिन की काउंटिंग में 5 करोड़ 60 लाख रुपए मिले हैं। भेंट स्वरूप प्राप्त सोना और चांदी का वजन भी शेष है।

### धुम्मा ने कहा- पांच बच्चे पैदा करें सिख

चंडीगढ़। दमदमी टकसाल मेहता के मुखी बाबा हरनाम सिंह धुम्मा के एक बयान पर विवाद शुरू हो गया है। धुम्मा ने एक धार्मिक सभा में बयान दिया है कि हर सिख परिवार 5 बच्चे पैदा करे। अगर सिख परिवार बच्चे संभाल नहीं सकते तो 4 बच्चे दमदमी टकसाल को दे दें। हम उन बच्चों का पालन पोषण करेंगे और पढ़ाएंगे। उनको धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। कुछ कौम के जत्थेदार होंगे। हम उन्हें तालीम देंगे।

यूपी के बरेली में दिल दहला देने वाला मामला आया सामने

# युवती का अपहरण, रेप, धर्म परिवर्तन और फिर की हत्या!

एजेंसी ⏭ बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हद तो तब हो गई जब हत्या की सनसनीखेज वारदात के बाद कई घंटे तक दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही।

फिर जब हिंदू संगठनों ने मामले को लेकर हंगामा किया तब जाकर 12 घंटे बाद मुकदमा दर्ज किया गया। दरअसल, ये मामला बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाने का है। यहां एक इंटरमीडिएड की छात्रा की फरियाद नाम के लड़के ने ट्रेन के आगे फेंककर हत्या कर दी है। आरोप है कि फरियाद नाम का लड़का लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। इसके बाद उसने छात्रा का जबरन रेप किया और फिर उसका धर्म परिवर्तन भी करवा दिया। इतना ही नहीं फरियाद ने इंप्रूवमेंट का फॉर्म भरने जा रही छात्रा का अपहरण किया और फिर उसे फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन के आगे फेंक दिया, जिससे छात्रा का शरीर दो हिस्सों में कट गया।





1 मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा के साथ बरती बर्बरता


2 रेप के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर मार डाला

3 मुस्लिम युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था

### सीमा विवाद में पुलिस उलझी रही

*छात्रा का शव कई घंटे तक ट्रैक के किनारे पड़ा रहा और पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। कई घंटे तक जब आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो हिंदू संगठनों ने थाने के सामने शव रखकर हंगामा किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एफआईआर के आदेश किए। फिर 12 घंटे बाद शाहजहांपुर जिले की पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।*

आरोपी हुआ गिरफ्तार



इस मामले में एसपी साउथ मानुष पारिक ने कहा कि एक छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पास मिला है। उसके शव का शाहजहांपुर पुलिस ने छात्रा का पोस्टमार्टम करवाया। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी फरियाद के खिलाफ धर्म परिवर्तन अधिनियम, पॉक्सो, रेप, अपहरण और हत्या जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## चिरंजीवी-वैजयंती माला पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



चिरंजीवी को गुरुवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। तेलुगू मेगास्टार इस साल पद्म विष्णु सम्मान पाने वाले पांच लोगों में शामिल थे। इस साल की शुरुआत में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 132 पद्म पुरस्कार विजेताओं में 68 वर्षीय अभिनेता के नाम की घोषणा की गई थी। उन्हें भारतीय सिनेमा आइकन वैजयंती माला बाली के साथ पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

### पहली महिला जज दिवंगत फातिमा को पद्म भूषण

राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश (दिवंगत) एम. फातिमा बीवी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। अंडमान और निकोबार की किसान के. चेल्लाम्मल को कृषि के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में जोशना चिनप्पा, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक सोम दत्त बट्टू, कृषि के क्षेत्र में सत्यनारायण बेलेरी और कला के क्षेत्र में जॉर्डन लेप्चा को पद्मश्री से सम्मानित किया। मीडिया दिग्गज होर्मूसजी एन. कामा को पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्हें साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार मिला है। मूर्तिकार ए. वेलु आनंद चारी को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया। सत्यब्रत मुखर्जी (मरणोपरांत) को पद्म भूषण प्रदान किया। भाजपा नेता ओ. राजगोपाल, लद्दाख के दिवंगत आध्यात्मिक नेता तोगदान रिनपोचे और तमिल अभिनेता दिवंगत कैप्टन विजयकांत (दोनों मरणोपरांत), मीडिया जगत के दिग्गज कुंदन व्यास को भी पद्म पुरस्कार मिला। बीवी, विजयकांत और रिनपोचे के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए।



ओडिशाः सियासी चक्रव्यूह में आमने-सामने भाजपा और बीजद! दशक से सत्तारूढ़ बीजद का गढ़ बन चुके राज्य में 'खेल' आसान नहीं

# दोनों दलों की घेराबंदी कर कांग्रेस चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी

ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली



ओडिशा में सत्तारूढ़ दल बीजू जनता दल के तिलिस्म को तोड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। ओडिशा की सियासत में दोस्ती करके कांग्रेस को पछाड़ने वाले बीजद व भाजपा में इस बार चुनावी गठबंधन परवान नहीं चढ़ सका है। इसलिए भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजद की दो तरफा घेराबंदी करके ऐसा सियासी चुनावी चक्रव्यूह रचा है, जिसका मकसद लोकसभा में अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी बीजद को पटखनी देना है, लेकिन पिछले ढाई दशक से सत्तारूढ़ बीजद का गढ़ बन चुके ओडिशा में किसी भी दल के लिए सियासी चुनौती देने की डगर आसान नहीं होगी? ओडिशा के इस चुनाव में भाजपा और बीजद के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार है, लेकिन कांग्रेस भी दो हजार के दशक से पहले की सियासी जमीन पर वापसी करने के इरादे इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाने का भरकस प्रयास कर रही है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को ओडिशा के पहले दौर के चुनाव में चार लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इस बार यहां लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा व बीजद के बीच गठबंधन करके चुनाव मैदान में आने की कवायद चली, लेकिन ऐनवक्त पर गठबंधन पटरी पर नहीं आ सका। भाजपा ने ओडिशा में बीजद को दोहरी चुनौती देने की चुनावी रणनीति का ताना बाना बुना, जिसमें बीजद के कदावर सांसद भृतहरि महताब समेत केई दिग्गज नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया। इससे पहले 1998 से 2009 तक लोकसभा चुनाव गठबंधन करके लड़े है, जिसका लाभ यहां से धीरे धीरे कांग्रेस का प्रभाव कम होता चला गया। भाजपा और बीजद के सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस ने 20 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है और एक सीट झामुमो को दी है। सीपीआई, सीपीआईएम, एआईएफबी, बसपा व आप भी कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशियों पर दांव खेला है।

## ये रहा चुनावी इतिहास

ओडिशा राज्य की 21 लोकसभा सीटों के लिए बारहवीं लोकसभा के लिए 1998 में पहली बार भाजपा व बीजद ने मिलकर चुनाव लड़ा, जिसमें बीजद नौ व भाजपा सात सीटों पर जीतकर आया तो यहां से कांग्रेस का वर्चस्व कम होने लगा। इसके बाद दोनों दलों ने गठबंधन के साथ तीन और चुनाव लड़े और दोनों के सियासी जनाधार में सुधार आया, तो यह बीजद का गढ़ बन गया। साल 2014 में पहली बार दोनों दलों ने अलग चुनाव लड़ा, तो बीजद का सबसे ज्यादा 20 सीटें मिली और बाकी एक सीट भाजपा के खाते में गई। जबकि पिछले 2019 चुनाव में भाजपा ने आठ सीट जीतकर वापसी की और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा। इससे पहले ओडिशा के लोकसभा चुनावों में साल 1967,1977 और 1989 के चुनाव छोड़कर ज्यादातर चुनाव में कांग्रेस ही सिरमौर रही है, जिसे आखिरी बार 1996 के चुनाव में दहाई के अंक में सीटे मिली, लेकिन उसके इससे पहले चुनाव तक एक सीट पर आकर सिमट गई। फिलहाल ओडिशा में लोकसभा की 21 में बीजद 12, भाजपा 8 और कांग्रेस एक सीट पर काबिज है। जबकि विधानसभा की 147 सीटों में से बीजद के 112, भाजपा के 23 तथा कांग्रेस के 9 विधायक हैं।

### राज्य में 3,36,46,762 मतदाता

राज्य में कुल वोटरों की संख्या 3,36,46,762 है, जिनमें 1,70,39,900 पुरुष, 1,66,03,401 महिला तथा 3,461 थर्डजेंडर हैं। इस चुनाव में 18-19 आयु वर्ग के 7,99,334 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। इनके अलावा ओडिशा में 5.20 लाख दिव्यांग, तीन लाख 85 साल से अधिक आयु के बुजर्गों के अलावा सौ साल से अधिक आयु के नौ हजार मतदाता भी मतदान करेंगे।

### ओडिशा में जातीय समीकरण

ओडिशा में 94 प्रतिशत आबादी हिंदू, जिसमें 40 प्रतिशत एससी और जनजातीय आबादी शामिल है। जबकि राज्य में 2 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और 3 प्रतिशत आबादी ईसाई आबादी है। लेकिन यहां की सियासत पर 5 प्रतिशत ब्राह्मणों और पटनायकों यानी करण-कायस्थ का लंबे समय सिक्का जमा हुआ है और यहां की सत्ता में पिछड़ों और एससी की हिस्सेदारी नाम मात्र ही कही जा सकती है। इसलिए ओडिशा में जाती या धर्म की सियासत के कोई मायने नहीं रखते।

# नई जनरेशन की मारुति स्विफ्ट हुई लांच, कीमत 6.49 लाख रुपये से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने भारत में न्यू जनरेशन स्विफ्ट को लांच कर दिया है। नई स्विफ्ट को 6.49 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लाया गया है। वहीं इसके टॉप वैरिएंट की कीमत 9.65 लाख रुपए, एक्स-शोरूम तय की गई है। नई स्विफ्ट को कुल 9 तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया है। इनमें सिंगल टोन और डुअल टोन दो तरह के रंग शामिल हैं। कंपनी ने दो नए कलर शेड- लस्टर ब्लू और नोवल ऑरेंज को भी लांच किया है। नई मारुति स्विफ्ट की माइलेज भी सामने आ चुकी है जो इसके पुराने मॉडल से 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के मुताबिक, स्विफ्ट के मैनुअल वैरिएंट्स में 24.8 केएमपीएल और ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है।

■ नौ तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया

## ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है

### नए फीचर्स से हुई लैस

अगर फीचर्स की बात करें तो न्यू जनरेशन मारुति स्विफ्ट में अब कई नए फीचर्स मिल रहे हैं। कंपनी इसके सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयर बैग दे रही है। इसके अलावा हिल होल्ड असिस्ट, थ्री पॉइंट सीट बेल्ट और नया सस्पेंशन सेटअप भी दिया गया है। 2024 स्विफ्ट के केबिन में अब पहले से बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है जो बलेनो और फ्रॉन्क्स से प्रेरित है।




### इंजन और ट्रांसमिशन

न्यू जनरेशन स्विफ्ट में कंपनी ने नया जेड-सीरीज 1.2-लीटर, तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया है जो 82 एचपी की पॉवर और 108 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ही इसमें सीवीटी ट्रांसमिशन से भी लैस है। इसके कुछ वैरिएंट में माइल्ड-हाइब्रिड तकनीक भी उपलब्ध है।

### डायमेंशन

नई स्विफ्ट की लंबाई 3,860 मिमी, चौड़ाई 1,695 मिमी और ऊंचाई 1,500 मिमी है। यह अपने पुराने मॉडल की तुलना में 15 मिमी लंबी, 30 मिमी ऊंची और 40 मिमी चौड़ी है। हालांकि, इसका व्हीलबेस पुराने मॉडल जैसा ही है।

### वैरिएंट और रंग

2024 मारुति स्विफ्ट पांच वैरिएंट –एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), ज़ेडएक्साई और ज़ेडएक्सआई(प्लस) में उपलब्ध होगी। इसमें नौ अलग-अलग पेंट विकल्प भी मिलेंगे, जिनमें मोनोटोन और डुअल-टोन दोनों विकल्प शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा




**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को 16 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के साथ ही आने वाले समय में इसमें कटौती के भी संकेत दिए। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने सातःदो के बहुमत से ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने कमाया 810 करोड़ का लाभ

**चेन्नई।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 810.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 655.63 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा दर्ज किया था। 31 मार्च, 2024 को एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले के 2,103.99 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,665.66 करोड़ रुपये हो गया।

### एशियन पेंट्स का शुद्ध लाभ 1.34 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स लिमिटेड लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1.34 प्रतिशत बढ़कर 1,275.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी का 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,258.41 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 8,730.76 करोड़ रुपये रही।

## चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के डूबे 7.34 लाख करोड़

# चुनाव को लेकर अनिश्चितता से सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22,000 अंक से नीचे फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

### निफ्टी 345 अंक टूटा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 345 अंक की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

### निवेशकों को 7.34 लाख करोड़ का नुकसान

बीएसई सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।



### टाटा मोटर्स रही लाभ में

दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और एचसीएल टेक लाभ में रहे। छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत तथा मिडकैप 2.01 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

- ■ विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की भारी बिकवाली
- ■ एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में बिक्री से बाजार प्रभावित
- ■ कंपनियों के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चित बना रही

*एलएंडटी का शेयर पांच फीसदी टूटा*

*सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।*

### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनायी।'

### कारोबारी दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई...।'

### एशियाई बाजार नुकसान में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में भी बुधवार को मिला-जुला रुख रहा था।




## पतंजलि योगपीठ में गर्भ संस्कार संतति सृजनम् विषय पर कार्यशाला आयोजित

**हरिद्वार।** पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में "गर्भ संस्कार" आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "संतति सृजनम्" का आयोजन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन परम पूज्य स्वामी रामदेव जी, आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा को उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि भारत भूमि गौरवशाली आदर्श माताओं से सुसमृद्ध है, इनमें जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता ऐसी माताएँ रही हैं जिन्होंने सुसंस्कारित सन्तान को आकार दिया, आज भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। एक माँ विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अथक प्रयासों से सुसंस्कारित नागरिकों का सृजन करती है। कार्यक्रम में पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने मातृत्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों और ग्रंथों में सोलह संस्कारों का वर्णन किया गया है जिनमें तीन संस्कार गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन जन्म से पूर्व के है, उनका संयोजन भावी शिशु के माता-पिता द्वारा गर्भ की रक्षा-भावना से किया जाता है। यदि एक माँ स्वस्थ है तो ही वह स्वस्थ बालक को जन्म दे सकती है। भावी माता को अपने शिशु को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन, योग, ध्यान एवं चिंतन-मनन पर ध्यान देना आवश्यक है। पतंजलि जड़ी-बूटी अनुसंधान की प्रमुख डॉ. वेद्प्रिया आर्या ने वर्तमान में स्त्रियों में बढ़ रही पीसीओडी (पालीसिस्टिक ओवरी डिसिज) के कारण सामान्य प्रजनन चक्र अवरुद्ध होने पर चिंतन प्रस्तुत किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को बनाए रखना, बीमारी की रोकथाम और इलाज करना है। आयुर्वेद वह संजीवनी है जो जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से अलौकिक शक्ति प्रदान करती है।

## बायजू ने पाठ्यक्रमों की फीस 30 से 40 फीसदी तक घटाई

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है। 'बायजू लर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये (करों सहित) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर (बीटीसी) की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमशः 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है।'

## गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई से खुलेगा

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह द्वारा समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड 15 मई को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। निर्गम 15 से 17 मई तक खुलेगा। निवेशक 14 मई को बोली लगा पाएंगे।




## मुथूट फाइनेंस के सीएसआर पहल के तहत स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्र का हस्तांतरण

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस की सीएसआर पहल के तहत दीनदयालपुरी, गाजियाबाद में आंगनवाड़ी केंद्र का नवीनीकरण करके आईसीडीएस विभाग को हस्तान्तरित किया गया। इस परियोजना में आंगनवाड़ी केंद्र का नवीनीकरण, पेंटिंग, बुनियादी ढांचा मदद, एलईडी टीवी, खिलौने, टेबल कुर्सियाँ आदि शामिल है। एक रसोई और बच्चों के अनुकूल शौचालय का भी निर्माण किया गया है। इस अवसर पर मुथूट फाइनेंस के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक श्री राकेश मेहरा ने कहा कि मुथूट फाइनेंस अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत हमेशा स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में बुनियादी ढांचों के समर्थन करने को तैयार रहता है और अभी तक लगभग 50 लाख जरूरतमंदों, गरीबो, बच्चों और महिलाओं की मदद किया जा चूका है।

# चांदी में रही डेढ़ हजार रुपये की बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,308 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर की गिरावट है।



- ■ सोना 50 रुपए घटकर 72,250 रुपए प्रति दस ग्राम
- ■ चांदी लुढ़कर 83,200 रुपए प्रति किलो ग्राम रही

### सोने में सीमित दायरे में रहा उतार-चढ़ाव

गांधी ने कहा कि सोने में 2,300 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा जहां निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर रुख के बारे में नए संकेतों की तलाश में थे। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 27.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.15 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## भारतीय स्टेट बैंक का बढ़ा शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने गुरुवार 9 मई को वित्त वर्ष 2023-24 के चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक ने जनवरी-मार्च के बीच रिकॉर्ड प्रॉफिट हासिल किया है और बैंक का नेट प्रॉफिट 24 फीसदी तक बढ़ गया है। इस दौरान बैंक ने 20,698 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। वहीं पिछले साल समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट कुल 16,695 करोड़ रुपये का था। बैंक ने तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही डिविडेंड का भी ऐलान किया है। तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद बैंक के शेयर में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है और यह 1.13 फीसदी तेजी के साथ 820 रुपये पर बंद हुए हैं।

**बैंक ने किया डिविडेंड का ऐलानः** तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने शेयरधारकों को डिविडेंड का भी तोहफा दिया है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में शेयरहोल्डर्स को प्रति शेयर के बदले 13.70 रुपये डिविडेंड देने की बात कही है। इससे पहले एक्सपर्ट्स यह अनुमान जताया था कि बैंक इस तिमाही में 13,400 करोड़ का प्रॉफिट हासिल कर सकती है। ऐसे में बैंक के नतीजे अनुमान से कहीं बेहतर रहे हैं। **मार्च तिमाही में बैंक ने की कमाईः** एसबीआई का मार्च तिमाही में कुल इनकम एक साल पहले 1.06 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.28 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वहीं बैंक के ऑपरेटिंग खर्च पिछले साल 29,732 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,276 करोड़ रुपये हो गया है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलन सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु

PUBLIC NOTICE
The General Public hereby informed that my clients Shri Rajbir Singh S/o Late Shri Dharam Singh and his wife Smt. Sheela Devi, both R/o H. No. 648, Fazalpur, Mandawli, East Delhi, Delhi-110092, both are the citizen of India and presently residing the abovementioned address. That both are having good mental and physical health and are making this declaration of their own free will without any pressure, coercion from any side, that their son namely Shri Devender Bhati is beyond their control and supervision and is not sincere towards the family due to their bad habits, so, therefore, both my clients have disowned/ debarred/ discarded the above said son namely Shri Devender Bhati from all movable and immovable property/ assets. It is further declared by my above said clients that any person whosoever deals with Devender Bhati will do so at his/ her/ their own risk and responsibilities and my above said clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by Shri Devender Bhati.
Dipendra Kr. Singh (Advocate)
Chamber no. 442, Lawyers chamber,
Patiala House Courts, New Delhi-110001
+91 9718758881

12th May 2024
Lithuania presidential election 10000000% win to Mr. GITANAS NAUSETA.
12th May 2024
Lituanian constitutional refurendum for vote will be more.
The above two prediction if it is not come TRUE I will stop my prediction.
predicted by
S ALEXANDER
Astrologer
Namakkal, Tamilnadu.
Mob: 8248126514

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5506




**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5505 का हल





# चैंपियंस लीग : रियल मैड्रिड ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रियल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई।

# मार्सेली में शुरू हुई ओलंपिक मशाल रिले

**मार्सेली।** यूनान से तीन मस्तूल वाले जहाज पर सफर करके फ्रांस के दक्षिणी तटवर्ती शहर मार्सेली पहुंची पेरिस ओलंपिक की मशाल का सफर इस शहर की सड़कों से शुरू हुआ। मशाल अपने 11 सप्ताह के सफर में 450 से अधिक शहरों में 10000 मशालवाहकों के हाथों से गुजरकर 26 जुलाई को ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पहुंचेगी। मार्सेली टीम के लिए नब्बे के दशक में खेलने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बासिले बोली ने गुरुवार को मशाल रिले की शुरुआत नोत्रे डैम डे ला गार्डे बेसिलिका से की।



### दिग्गज बने मशालवाहक

बास्केटबॉल खिलाड़ी टोनी पार्कर, एक तलवारबाजी चैंपियन, एक स्केटबोर्डर, मिचेलिन में बसे एक शेफ और एक कॉमेडियन को भी मशाल थामने के लिए चुना गया। मशालवाहकों में एक यूक्रेन की जिम्नास्ट मारिया विसोचांस्का भी है जिन्होंने 2020 यूरोपीय चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते थे और टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। इससे पहले मार्सेली में बुधवार को रंगारंग समारोह में मशाल की अगवानी की गई। इस मौके पर करीब 230000 लोग मौजूद थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1773 चौके

1015 छक्के

## विराट सेंचुरी से चूके, सिराज को 3 विकेट

# कोहली-पाटीदार के अर्धशतक, आरसीबी 60 रन से जीता, पंजाब प्लेऑफ की रेस से बाहर



एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को 60 रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बनाये रखी। कोहली की 47 गेंद में 92 रन की शानदार पारी आरसीबी को सात विकेट पर 241 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम रही जिन्होंने पाटीदार (23 गेंद में 55 रन) के साथ 32 गेंद में 72 रन और कैमरन ग्रीन (27 गेंद में 46 रन) के साथ 46 गेंद में 92 रन की साझेदारी निभाई। पंजाब किंग्स के लिए रिली रोसोऊ ने 27 गेंद में 61 रन की पारी खेली लेकिन कर्ण शर्मा के दो झटकों से उनके विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ और टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमट गयी। आरसीबी की यह लगातार चौथी जीत है और इस जीत की बदौलत टीम 12 मैच में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी। वहीं पंजाब किंग्स (08) आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी क्योंकि वह बचे हुए दो मैच जीतन के बावजूद 12 अंक तक ही पहुंच पायेगी। स्वप्निल सिंह (28 रन देकर दो विकेट), कर्ण शर्मा (36 रन देकर दो विकेट) और लॉकी फर्ग्यूसन (29 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकट हासिल किये जबकि मोहम्मद सिराज (73 रन देकर तीन विकेट) ने तीन विकेट झटके।

### बेंगलुरु-241/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का रोसोऊ बो अर्शदीप | 92 |
| डुप्लेसी का शशांक बो कावेरप्पा | 09 |
| जैक्स का पटेल बो कावेरप्पा | 12 |
| रजत का बेयरस्टो बो करन | 55 |
| कैमरन ग्रीन बो करन बो पटेल | 46 |
| कार्तिक का करन बो पटेल | 18 |
| महिपाल लोमरोर बो पटेल | 00 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 241 रन
गेंदबाजी: विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैम 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, चाहर 3-0-47-0, लियाम 3-0-28-0

### पंजाब-181/10 (17)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन पगबाधा बो स्वप्निल | 06 |
| बेयरस्टो का डुप्लेसी बो फर्ग्यूसन | 27 |
| रोसोऊ का जैक्स बो कर्ण शर्मा | 61 |
| शशांक रन आउट (कोहली) | 37 |
| जितेश शर्मा बो कर्ण शर्मा | 05 |
| लियाम का कर्ण बो स्वप्निल सिंह | 00 |
| सैम करन बो फर्ग्यूसन | 22 |
| आशुतोष पगबाधा बो सिराज | 08 |
| हर्षल का फर्ग्यूसन बो सिराज | 00 |
| राहुल चाहर नाबाद | 05 |
| अर्शदीप का कर्ण शर्मा बो सिराज | 04 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 17 ओवर में 181 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी: स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, यश 2-0-22-0, लॉकी 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, कैमरन 1-0-16-0, कर्ण 3-0-36-2



### चेन्नई और गुजरात के बीच मुकाबला आज

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी।

खास खबर

# मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी को हराया



एजेंसी ▶▶| जेद्दा

मनिका बत्रा एलीट डब्लूटीटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई जिन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया।

दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। अब उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना हयाता से होगा। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।

### वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने बृहस्पतिवार को विश्व पिकलबॉल लीग लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरुआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा, 'भारत में शुरुआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है।' लीग के शुरुआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। पिकलबॉल 80 से अधिक देशों में खेला जाता है। भारत के 18 राज्यों में 30,000 एमेच्योर खिलाड़ी और 8000 पंजीकृत खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप

### जागरुकता फैलाएगा टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके का मानना है कि टी20 विश्व कप अमेरिका में क्रिकेट को लेकर जरूरी जागरुकता फैलाएगा। अंततः 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का लालच स्थानीय अमेरिकियों को मुख्य रूप से प्रवासियों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल के प्रति आकर्षित करेगा। अमेरिका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह मेजबानी वेस्टइंडीज के साथ कर रहा है और अमेरिकी टीम एक जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने पड़ोसी देश कनाडा के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में पदार्पण करेगी।

### अंतरराष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी नहीं रहे



**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 बरस के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में कहा था, 'अपना समय आ गया।' कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा।

### भारतीय क्रिकेट के लिए उम्दा प्रतिभा है अभिषेक

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाने वाले आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अभिषेक शर्मा को भारतीय क्रिकेट के लिए बेहतरीन प्रतिभा बताया है। हेड ने कहा, 'अभि के साथ साझेदारी बेहतरीन थी। वह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक प्रतिभा है। हमारा तालमेल जबर्दस्त था और उसके साथ खेलने में बहुत मजा आया। वह इतना ऊर्जावान है और अपने खेल को लेकर काफी सोचता है।'



# यूडब्लूडब्लू से बजरंग पूनिया आठ महीने के लिए निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्लूडब्लू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था। अपने बचाव में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए।

# अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका डी गुकेश की खराब शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे। वह एक अंक लेकर दस खिलाड़ियों के बीच अंतिम स्थान पर चल रहे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को हराया। अर्जुन और प्रज्ञानानंदा के समान तीन अंक हैं। शेवचेंको छह अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद कार्लसन और अब्दुसात्तोरोव का नंबर आता है जिनके चार-चार अंक हैं।



# टी20: भारत ने बांग्लादेश महिला टीम पर 5-0 से किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| सिलहट

भारत ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव (तीन विकेट) के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी।

इससे पहले रिचा घोष की तीन छक्के और एक चौके जड़ित 17 गेंद की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 156 रन बनाए।



डी हेमलता (37) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) ने भी तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को मजबूती दी। भारत ने श्रृंखला का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

राबिया खान (दो विकेट) ने 16वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया जबकि इससे एक ओवर पहले भी टीम ने विकेट गंवाया जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा ने ताबड़तोड़ पारी खेली। शोफाली वर्मा (14) और मंधाना ने पहले विकेट लिए 25 रन जोड़े। मंधाना ने हेमलता के साथ भी 37 रन की साझेदारी की।

## दोहा डायमंड लीग आज से शुरू, भाला फेंक स्पर्धा 14 से

# ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज और जेना

एजेंसी ▶▶| दोहा

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।



चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेंकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है।' यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा। चोपड़ा यहां गत चैंपियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। पुरुषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

### ओमेगा ने नीरज को खेल दूत बनाया

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।' ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

# प्रो लीग : भारत ने घोषित की 24 सदस्यीय हॉकी टीम




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर** : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **डिफेंडर**: जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह। **मिडफील्डर** : विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन **फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी।



**दक्षिण एशिया में तीन देश**

*भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल रहा। दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे जो इस उपक्षेत्र से श्रमिकों के प्रवास के महत्त्व को दिखाता है।*

**यूएन आईओएम की विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 में खुलासा**

# भारत में दुनिया से आया सर्वाधिक पैसा, 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली, 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला बना 'पहला देश'

**दूसरे स्थान पर मेक्सिको, उसके बाद चीन, फिलीपींस और फ्रांस**

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि भारत में साल 2022 में दुनिया भर से 111 अरब डॉलर धनराशि प्राप्त हुई जो सर्वाधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला पहला भी देश बन गया है। यह धन प्रवासियों ने भारत में मित्रों व रिश्तेदारों को हस्तांतरित किया है। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।

> *संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि साल 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली।*



### मेक्सिको ने चीन को पछाड़ा

आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पछाड़कर हासिल किया था।

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

**भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल**

### धन प्राप्त करने में चीन दूसरा देश रहा

अब तक भारत के बाद चीन ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी शीर्ष पर रहा।

### प्रवासियों के लिए 13वें नंबर पर भारत

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के होते हैं जिनकी कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 फीसद या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है। वहीं, भारत प्रवासियों के लिए काम करने के क्रम में 13वें नंबर पर आता है और देश में 44.8 लाख प्रवासी मजदूर हैं।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में आंतकी हमला, 7 की मौत



**ग्वादर।** पाकिस्तान के ग्वादर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात हमलावर ने 7 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। हमले के वक्त मृतक सो रहे थे। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। मृतक पाकिस्तान के पंजाब के रहने वाले थे । ये ग्वादर पोर्ट के पास नाई की दुकान पर काम करते थे। आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई।

### अमेरिका में 2 मई से भारतीय छात्र लापता



**वॉशिंगटन।** एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। दूतावास ने पोस्ट में लिखा कि महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है।

### ब्राजील में बारिश बाढ़ का कहर, 100 की मौत



**रियो डी जेनेरियो।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे ब्राजील के दक्षिण में स्थित रियो ग्रेनेड डो सुल राज्य में बीते एक हफ्ते से ज्यादा समय से भारी बारिश के चलते बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के चलते करीब 100 लोगों की मौत की खबर है। बाढ़ से साढ़े 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। दो लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। ब्राजील की सिविल डिफेंस के अनुसार, बाढ़-बारिश के चलते अब तक 99,800 घर आंशिक या पूर्ण रूप से तबाह हो चुके हैं।

**विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का एक हफ्ते में दूसरी बार बड़ा बयान**

# पीओके भारत का हिस्सा, पाक इसे वापस करे, जनता की भी यही इच्छा

> *विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं हैं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बार फिर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को भारत का हिस्सा बताया है। ये इस हफ्ते में दूसरी बार है जब जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताया है। इससे पहले 5 मई को ओडिशा दौरे में उन्होंने कहा था कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। जयशंकर ने दिल्ली के गार्गी कॉलेज में कहा कि पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए। उन्होंने इसे पीएम मोदी का एक सबसे बड़ा सपना बताया। इसके अलावा उन्होंने लोगों का ध्यान कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भी दिया। जयशंकर ने 370 को मोदी सरकारी की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगा। साथ ही अब हमारा लक्ष्य पीओके की जमीन बदलने का है।

### खास बातें

- 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए
- पीओके में हालात खराब
- धारा 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगी
- कश्मीर में पत्थरबाजी खत्म हुई

### पीओके हमारा था, है, रहेगा

पिछले हफ्ते ही जयशंकर के पीओके वाले बयान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोहराया था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा था कि पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। सिंह ने कहा था कि आज कश्मीर की तरक्की देखकर पीओके के लोग खुद को भारत का हिस्सा मानते है। ये दिखाता है कि पीओके पर हमारी सोच कहा तक है। भारत को इसके लिए कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस तरह कश्मीर में हालात बदल रहे हैं और आर्थिक प्रगति हो रही है, वहां जैसी शांति लौटी है, मुझे यकीन है कि एक दिन पीओके से भी भारत में विलय की मांग उठेगी। पीओके में हमें किसी भी प्रकार का बल प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। वहां के लोग खुद भारत में विलय करेंगे।

### पीओके पर ध्यान नहीं दिया गया

*डॉ. जयशंकर ने बताया कि आजादी के बाद उस समय की सरकार ने पाकिस्तान को इस जमीन को खाली करने को कभी नहीं कहा, जिस कारण आज हमें ये दिन देखने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आजादी के शुरुआती सालों में इन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण पीओके में हालात खराब हो गए। भविष्य में क्या होगा? यह बताना बहुत मुश्किल है। लेकिन, मैं एक बताना चाहता हूं कि देश की जनता पीओके को नहीं भूली है।*

### पहले हटना था 370

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को पहले ही हट जाना चाहिए था। 370 से पहले कश्मीर में अलगाववाद और उग्रवाद था। 370 हटने के बाद वहां पत्थरबाजी खत्म हुई है, साथ ही आतंकी हमलों में भी कमी आई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को खत्म कर दिया था। इसके साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकाएं दायर की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 11 दिसंबर को सरकार के फैसले को सही ठहराया था।

### आतंक में आई कमी

जयशंकर ने कहा कि 2018 में कश्मीर में पत्थरबाजी की 1767 घटनाएं हुई थीं। लेकिन आर्टिकल-370 हटने के बाद 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। 2018 से 2022 के बीच आतंकी गतिविधियों में 45.2% की कमी आई है। 2018 में इसके 143 मामले सामने आए थे, 2022 में ये 14 रह गए। 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। 2022 में यहां 1.88 करोड़ पर्यटक आए थे।

**भारत दौरे पर मालदीव के विदेश मंत्री जमीर आए**

# जयशंकर ने कहा- हमने हमेशा आपका साथ दिया



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा कि करीबी और निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास साफ तौर से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। भारत ने हमेशा मालदीव का साथ दिया है। ये हमारी पड़ोसी प्रथम नीति नजरिये के तहत है।

### मालदीव को विकास सहायता दी

*जयशंकर ने कहा कि भारत मालदीव के लिए विकास सहायता देने वाला एक प्रमुख देश रहा है। हमारी परियोजनाओं ने आपके देश के लोगों को लाभ दिया है। उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान दिया है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर इलाज के लिए लोगों के सही जगह पहुंचाना और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।*

### ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मुलाकात



विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) टिम बैरो से गुरुवार को अनेक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से आज दिल्ली में मुलाकात सुखद रही। अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की भी समीक्षा की।' दोनों ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी विचार-विमर्श किया।

**थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे बोले**

# पूर्व सैनिकों का अमूल्य योगदान राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने आज गुरुवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान थल सेनाध्यक्ष ने देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भारतीय सेना की प्रतिबद्धता दोहराई।

### क्षमताओं को पहचानें

पांडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुभव का उपयोग कई कॉर्पोरेट घरानों में किया जा सकता है। उन्होंने सभी से 'भूतपूर्व सैनिक, अलौकिक योगदान' शब्दों की क्षमता को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के साथ समग्र कौशल प्रमाणन की प्रक्रिया शुरू की है।


**कुलगाम में 40 घंटे बाद मुठभेड़ खत्म**

# सुरक्षाबलों ने घाटी से तीन दुर्दांत आतंकियों का किया काम तमाम

एजेंसी ▶▶ कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों की बीच चल रही मुठभेड़ आज समाप्त हो गई।

बुधवार को सुरक्षाबलों ने नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल लश्कर-ए-तैयबा शाखा टीआरएफ के एक शीर्ष 'कमांडर' को भी मार गिराया। पिछले मंगलवार को भी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए थे। कुल मिलाकर इस अभियान में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। अब भारतीय सेना ने इस बाबत अभियान की समाप्ति को लेकर जानकारी दी है।



### पूरा हुआ ऑपरेशन

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने 40 घंटे की निगरानी के बाद तीन आतंकवादियों को ढेर करते हुए 'ऑपरेशन रेडवानी पाइन' पूरा कर लिया है। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। इसके बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन शुरू किया।

**वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एंबर की ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी**

# सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**दुनिया में सौर ऊर्जा बिजली का औसत उत्पादन 5.5%, भारत में रिकॉर्ड 5.8 फीसदी**

वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर ने ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2023 में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। भारत 2015 की तुलना में नौवें स्थान से ऊपर आकर तीसरे स्थान पर आ गया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर के डेटा 2023 के आधार पर तैयार किया गया है।

इस रिपोर्ट में 92 प्रतिशत वैश्विक बिजली का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 देशों को शामिल किया गया, साथ ही 215 देशों के ऐतिहासिक डेटा को भी शामिल किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की वृद्धि ने देश को जापान से आगे बढ़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सौर ऊर्जा ने 2023 में वैश्विक बिजली का



रिकॉर्ड 5.5 प्रतिशत उत्पादन किया है। जबकि भारत ने 2023 में अपनी बिजली का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से उत्पन्न किया है।

### भारत में 17 गुना अधिक सौर उर्जा उत्पादन

हाल के वर्षों में सौर ऊर्जा का विस्तार तेजी से हो रहा है। 2023 में वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था, जबकि भारत में यह 17 गुना अधिक दर्ज किया गया। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2015 में भारत की बिजली का 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 5.8 प्रतिशत हो गई।

### सौर उर्जा तेजी से बढ़ता बिजली स्त्रोत

एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक, आदित्य लोला ने कहा नवीकरणीय ऊर्जा विशेष रूप सौर ऊर्जा से संचालित भविष्य अब एक वास्तविकता बन रहा है। उन्नीसवें वर्ष भी अपनी स्थिति बरकरार रखी।

### चार देशों की 75 प्रतिशत वृद्धि दर

*चीन (+156 टीडब्ल्यूएच), यूएस (+33 टीडब्ल्यूएच) और ब्राजील (+22 टीडब्ल्यूएच) के बाद भारत ने 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि (+18 टेरावाट घंटे या टीडब्ल्यूएच) हासिल की है।*

स्वच्छ रहें, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं




एक शॉट में फ्रैश हो जाएं

Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

यह तो सभी जानते हैं कि 'पेट सफा' के उत्पादों ने पूरे भारत में धूम मचा रखी है और यह अपनी श्रेणी में सर्वाधिक लोकप्रिय ब्रांड है, परंतु फिर भी यदि आप अभी तक अपनी उपरोक्त समस्याओं के लिए किसी अन्य प्रोडक्ट का सहारा लेते हैं तो पेट सफा आपके लिए प्रस्तुत करता है, एक स्पैशल ट्रायल पाउच, आप बस इसे एक बार प्रयोग कीजिए, हमारा वादा है कि फिर आप भी इसके दीवाने हो जाएंगे।

पेट सफा...तो हर रोग दफा

24x7 Helpline: 91197 88888 | petsaffa.com | Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109